www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 361, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 10 जुलाई 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## हम भारतीय दूध में चीनी जैसे- पीएम

# भारतीय समुदाय को दिया दोस्ती का क्रेडिट

**ऑस्ट्रेलिया**

**तीन** दिवसीय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मेलबर्न में भारतीय समुदाय को संबोधित किया गया. इस दौरान उन्होंने 30 हजार भारतीय की मौजूदगी में जबरदस्त भाषण दिया. उन्होंने गगनयान से लेकर 5ऋऔर ग्रो मोर से एचीव मोर तक कई बातें कही हैं. इस दौरान मोदी-मोदी के नारों से भारतीय कम्युनिटी गूंज उठी.

पीएम मोदी के भाषण की बड़ी बातें

पीएम मोदी ने भाषण देते हुए कहा, 'मैं उस जमीन के पारंपरिक मालिकों का शुक्रिया अदा करके शुरू करना चाहूंगा. जहां हम मिल रहे हैं. मैं उनके पुराने, नए और नए बुजुर्गों को अपना सम्मान देता हूं. यह शो हाउसफुल है. यह एक ब्लॉकबस्टर है.'

उन्होंने कहा, 'इससे पहले, मैं आप सभी से सिडनी में दो बार मिला था. मैं मेलबर्न के लोगों से मिलने का भी इंतजार कर रहा था. तो इस बार मैंने सोचा कि मैं मेलबर्न के लोगों के साथ एक फ्लैट व्हाइट कॉफी पी लूं. मेलबर्न ने सच में जी हासिल की है.'

उन्होंने कहा, 'मैं अपने दोस्त और भारत के दोस्त प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानसे का भी बहुत शुक्रगुजार हूं. आप सिडनी में हमारे साथ थे, और आज आप यहां मेलबर्न में भी भारतीय समुदाय के साथ शामिल हुए हैं. एक तरह से, चीजें पूरी तरह से बदल गई हैं. अहमदाबाद, जो दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का घर है, से लेकर मेलबर्न, जहां इसका मशहूर स्टेडियम है. हम दोनों जगहों पर साथ रहे हैं. हम सबने देखा है कि प्रधानमंत्री जब भी बोलते हैं तो भारतीयों के दिल और दिमाग पर कैसे छा जाते हैं. आपने सिडनी में जबरदस्त असर डाला, और आपने यहां भी सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया है.'



### 12 सालों में यह ऑस्ट्रेलिया का तीसरा दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि 12 सालों में यह ऑस्ट्रेलिया का उनका तीसरा दौरा है। उन्होंने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्ते नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं और इसमें भारतीय समुदाय की अहम भूमिका रही है। यहां एक कम्युनिटी इवेंट को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वहां रहने वाले भारतीयों की दिनचर्या उन्हें भारत से जोड़े रखती है और वे ऑस्ट्रेलिया के विकास में भी योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब मैंने 2014 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, तो 28 सालों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री का यह पहला दौरा था। और आपको याद होगा कि मैंने तब कहा था कि आपको अगले 28 सालों तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पिछले 12 सालों में यह मेरा तीसरा दौरा है – यानी दौरों की हैट्रिक। यह दिखाता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्ते कितनी ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं।

उन्होंने कहा, 'जब मैं 2014 में ऑस्ट्रेलिया गया था, तो यह 28 साल में पहली बार था जब कोई भारतीय प्रधानमंत्री आया था. और आपको याद होगा मैंने तब कहा था कि आपको और 28 साल इंतजार नहीं करना पड़ेगा. पिछले 12 सालों में यह मेरा तीसरा दौरा है. यह दौरों की हैट्रिक है.

यह दिखाता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रिश्ते कितनी ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं. और क्या आप जानते हैं कि इसमें सबसे बड़ा रोल किसका था? यह मोदी का नहीं था. यह आप सभी थे.'

उन्होंने कहा, 'कहते हैं कि मेलबर्न शहर में एक ही दिन में चारों मौसमों की झलक मिलती है. लेकिन, इंडियन कम्युनिटी ने अपने कल्चरल रंगों से इसे और भी वाइब्रेंट बना दिया है. यहां मेलबर्न और आस-पास के इलाकों में, कई ऐसी जगहें और मार्केट हैं ।

जो इंडियननेस की भावना से ओत-प्रोत हैं. कोई उन्हें 'लिटिल इंडिया' कहता है, तो कोई 'मिनी इंडिया'; नाम चाहे जो भी हो, वे इंडियन कल्चर से भरे हुए हैं.'

पीएम मोदी ने कहा, 'किसी ने मुझे ऐसे ही एक मार्केट का वीडियो दिखाया. वीडियो में बताया गया था कि वहां लगातार सेल चलती रहती है. लोग इन सेल के जोश में पूरी तरह बह जाते हैं. भले ही किसी का शॉपिंग करने का मूड न हो, फिर भी वह कुछ न कुछ खरीद ही लेता है. सेल के चक्कर में लोग घनचक्कर बन जाते हैं.

पीएम मोदी ने कहा,आप में से कई लोग ऐसे होंगे जो अपने घरों में कम से कम दो टाइम जोन मैनेज करते होंगे. यहां बच्चे ऑस्ट्रेलियाई समय के हिसाब से स्कूल से लौटते हैं, जबकि भारत में दादा-दादी वीडियो कॉल से जुड़ने का इंतजार कर रहे होते हैं।

## राम मंदिर मामले में चौंकाने वाला खुलासा, गिनती के दौरान नहीं बल्कि पहले होती थी नोटों की चोरी



**अयोध्या**

**अयोध्या** के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी की जांच जारी है. इस बीच बड़ा खुलासा हुआ है. सूत्रों के मुताबिक राम मंदिर में चंदे की चोरी नोटों की गिनती के दौरान नहीं बल्कि उससे पहले होती थी. मशीनों के जरिए नोटों की गिनती होती थी. गिरफ्तार आरोपियों का चंदे में आए नोटों को एक साथ सलीके से लगाना काम था. जिसे बाद में रइकबैंक के कर्मचारी मशीन में रखते थे.

मशीन में ही 10-20-50-100-200-500 के नोट अलग होते थे- यानी उनकी मशीन के जरिए ही पहले गड्डी बनती थी और फिर नोट गिनने की मशीनों में उनकी काउंटिंग होती थी. मतलब साफ है कि चंदे में आए नोटों को सलीके से लगाते वक्त ही चोरी को अंजाम दिया गया ना कि काउंटिंग के दौरान चोरी की गई.

अभी तक रइकबैंक कर्मचारियों के बयान नहीं हुए दर्ज

अभी तक अयोध्या पुलिस ने रइक बैंक कर्मचारियों के बयान दर्ज नहीं किए हैं. सूत्रों के मुताबिक, इसी हफ्ते अनिल मिश्रा और रइक के कर्मचारियों से पूछताछ होनी है. रइकके पूर्व मैनेजर गोविंद जी मिश्र भी अयोध्या पुलिस के रडार पर है. फिलहाल वो लखनऊ में तैनात हैं.

गिरफ्तार आरोपियों को किसने रखा था काम पर?

गिरफ्तार सभी आरोपी ट्रस्ट और बैंक के टडव के हिसाब से थर्ड पार्टी आउटसोर्स थे, यानी उन्हें ना सीधे बैंक और ना ही ट्रस्ट ने हाउस कीपिंग के काम पर रखा था बल्कि बैंक जिस कंपनी से कर्मचारी आउटसोर्स करता था उनकी ओर से ही आरोपियों को रखा गया था।

## आसमानी आफत ने बिगाड़ी जमीनी व्यवस्था



**गुरुग्राम**

**देशभर** में मानसून की बीते दिनों एंट्री हो चुकी है. कहीं-कहीं अब मानसून कहर बरपा रहा है. दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में भारी बारिश की वजह से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इन इलाकों में बारिश के कारण सड़कों पर जलभराव और जाम के कारण जनजीवन प्रभावित नजर आया.

कम दृश्यता और जलभराव के कारण रिंग रोड, आउटर रिंग रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर यात्रियों को देरी का सामना करना पड़ा. खासकर धौला कुआं, महिपालपुर और राजोकरी के आसपास यातायात प्रभावित रहा.

मानसून का कहरः दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान समेत कई राज्यों में गिरीं इमारतें; मलबे में दबे लोग

आश्रम के पास मथुरा रोड, दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, जखीरा फ्लाईओवर, मोती नगर, पटेल नगर, नारायणा, एम्स, साउथ एक्सटेंशन, लाजपत नगर, मूलचंद, आजादपुर, मुकरबा चौक और दिल्ली-नोएडा लिंक रोड के कई हिस्सों में भी वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई.

दिल्ली में लोगों की बढ़ी परेशानी

देश के एक बड़े हिस्से में बुधवार (8 जुलाई) को भारी मानसूनी बारिश हुई, जिससे कई जगह अचानक बाढ़ आ गई और रेल एवं सड़क यातायात में बड़े पैमाने पर बाधा उत्पन्न हुई।

## दिल्ली के इन इलाकों में सिगरेट, गुटखा बैन

**नई दिल्ली**

दिल्ली में अब स्कूलों के बाहर सिगरेट-गुटखा, पान मसाला और किसी भी तरह के तंबाकू की बिक्री पर रोक लगा दी गई है. हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए स्ट्रीट वेंडर पर स्कूलों के बाहर ऐसी सामग्री बेचने पर बैन लगा दिया है. बच्चों की सेहत से किसी भी तरह के खिलवाड़ होने से बचाने के लिए हाईकोर्ट ने यह अहम फैसला सुनाया है. कोर्ट ने स्कूलों में छोटे बच्चे पढ़ने आते हैं तो ऐसी जगह पर इस तरह के उत्पादों को बेचने की परमिशन नहीं दी जा सकती है।

## बंगाल में बड़ी हलचल, सुष्मिता देव समेत टीएमसी के तीन पूर्व सांसद बीजेपी में शामिल




**बंगाल**

**राज्यसभा** चुनाव से पहले बंगाल टीएमसी के तीन पूर्व सांसद बीजेपी में शामिल हुए हैं. सुष्मिता देव, सुखेंदु शेख रॉय और प्रकाश बारिक बीजेपी में शामिल हुए हैं. बीजेपी के वरिष्ठ नेता शमिक भट्टाचार्य ने तीनों नेताओं के बीजेपी जॉइन करने की आधिकारिक घोषणा की है. बीजेपी तीनों को बचे हुए टर्म के लिए राज्यसभा भेज सकती है. 14 जुलाई 2026 को नॉमिनेशन का आखिरी दिन है.

शमिक भट्टाचार्य ने क्या कहा?

शमिक भट्टाचार्य ने कहा, 'पिछले 50 सालों से पश्चिम बंगाल में जो राजनीति चल रही थी. पहले 34 साल लेफ्ट फ्रंड और उसके बाद टीएमसी का शासन रहा. हमारे यहां डेवलपमेंट ठप पड़ गया था. ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर आस्था रखकर भारत की राज्यसभा के तीन सांसद ने पहले टीएमसी से अपने पद से इस्तीफा दे दिया था. आज वे तीनों सुष्मिता देव, सुखेंदु शेख रॉय और प्रकाश बारिक बीजेपी में शामिल हुए.'

पिछले महीने तीनों नेताओं ने दिया था इस्तीफा

उन्होंने कहा, 'पिछले 15 साल के दौरान पश्चिम बंगाल में सारे लोकतांत्रिक व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया गया. इस बार बंगाल में 90 फीसदी लोगों ने वोट किया. पीएम मोदी ने बार-बार कहा है कि बंगाल की नई पीढ़ी को एक नए दौर में शामिल होना होगा.

पश्चिम बंगाल के पूरे देश के साथ चलना पड़ेगा. आज हमारा पूरा संगठन इन तीनों नेताओं को मन से, दिल से, खुशी से अपना रहा है।

## 72 घंटे की रिमांड पर लिए गए जेल में बंद 30 आरोपी, एसआईटी करेगी पूछताछ

**नई दिल्ली**

नीट री-एग्जाम फजीर्वाड़ा मामले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की एसआईटी ने गुरुवार (09 जुलाई, 2026) को लखीसराय मंडल कारा में बंद 30 आरोपियों को 72 घंटे की रिमांड पर लिया.

शहर के किऊल और कवैया थाने में दर्ज तीनों मामलों में न्यायालय से रिमांड की अनुमति मिलने के बाद जांच एजेंसी ने अब पूछताछ की तैयारी शुरू कर दी है.



पूछताछ से फजीर्वाड़े के पूरे नेटवर्क की कई अहम कड़ियां सामने आ सकती हैं. बीते बुधवार (08 जुलाई, 2026) मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ने किऊल एवं कवैया थाने में दर्ज दो मामलों में रिमांड की अनुमति दे दी थी।

## आतंकवाद रोधी अभियान और तेज हुए

**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू**-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई के बीच सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ का श्रीनगर दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नियंत्रण रेखा पर लगातार जारी घुसपैठ की कोशिशों, भीतरी इलाकों में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों और सीमा पार की नई चुनौतियों के बीच सेना प्रमुख ने मोर्चे की पूरी तस्वीर का जायजा लिया। श्रीनगर स्थित चिनार कोर मुख्यालय में उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, सैन्य तैयारियों और युद्धक क्षमता की विस्तार से समीक्षा करते हुए साफ संदेश दिया कि आतंकवाद और उसके पूरे तंत्र को कुचलने के लिए भारतीय सेना हर मोर्चे पर पूरी ताकत और पूरी तैयारी के साथ डटी हुई है।

हम आपको बता दें कि सेना प्रमुख को नियंत्रण रेखा पर तैनाती, आतंकवाद विरोधी अभियानों, विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच समन्वय, बदलती सुरक्षा चुनौतियों और चल रही अमरनाथ यात्रा के लिए किए गए सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी गई।

## दिल्ली में 10 महीने में सबसे साफ हुई हवा, भारी बारिश के बाद गर्मी से राहत

**नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में लगातार हो रही बारिश ने एक ओर जहां मौसम को सुहावना बना दिया, वहीं दूसरी ओर लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को भी प्रभावित किया है. जुलाई के शुरूआती दिनों में सामान्य से कहीं अधिक बारिश दर्ज की गई है.

बारिश की वजह से दिल्ली की हवा पिछले 10 महीनों में सबसे साफ दर्ज की गई है. हालांकि, सड़कों पर जलभराव और लंबा ट्रैफिक जाम लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनकर सामने आया.

बारिश से धुली हवा, 10 महीने का सबसे कम अदक

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, एक से आठ जुलाई की सुबह तक रिज मौसम केंद्र में 79.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि इस अवधि का सामान्य औसत केवल 31.2 मिमी है. लगातार हुई बारिश ने वातावरण में मौजूद धूल और प्रदूषण के कणों को काफी हद तक साफ कर दिया. यही वजह रही कि राजधानी का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) 59 दर्ज किया गया, जो 'संतोषजनक' श्रेणी में आता है.

यह बीते 10 महीनों का सबसे साफ वायु स्तर है. इससे पहले 4 सितंबर 2025 को अदक58 दर्ज किया गया था. साफ हवा ने लोगों को उमस और प्रदूषण से कुछ राहत जरूर दी, खासकर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी मरीजों के लिए यह मौसम राहत भरा महसूस हो रहा है.



जलभराव और जाम से थमी राजधानी की रफ्तार

हालांकि बारिश से राजधानी की सड़कें लबालब हो गईं. कई प्रमुख मार्गों पर जलभराव होने से यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ. रोहतक रोड पर पंजाबी बाग और शादीपुर के बीच घंटों लंबा जाम लगा रहा. आईटीओ, धौला कुआं, महिपालपुर, राजोकरी, आश्रम, मथुरा रोड, दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे, जखीरा फ्लाईओवर, मोती नगर, पटेल नगर, नारायणा, एम्स, साउथ एक्सटेंशन, लाजपत नगर, मूलचंद, आजादपुर, मुकरबा चौक और दिल्ली-नोएडा लिंक रोड पर भी वाहनों की रफ्तार धीमी रही. कम दृश्यता और सड़क पर भरे पानी के चलते लोगों को ऑफिस और अन्य जगहों तक पहुंचने में काफी परेशानी हुई. दिल्ली के विभिन्न इलाकों में अलग-अलग मात्रा में बारिश दर्ज की गई. नजफगढ़ में सबसे अधिक 85.5 मिमी, जबकि रिज क्षेत्र में 54.3 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई. दिनभर में नगर निकायों को जलभराव, पेड़ गिरने और बिजली बाधित होने जैसी कम से कम 10 शिकायतें मिलीं।

## केजरीवाल ने सरकार से की बड़ी मांग, पेट्रोल की कीमत 82 रुपये होनी चाहिए

**नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी कटौती की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट का फायदा ग्राहकों को नहीं मिला है। पत्रकारों से बात करते हुए केजरीवाल ने मांग की कि पेट्रोल की कीमत मौजूदा 102 प्रति लीटर के बजाय 82 प्रति लीटर होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह तेल मार्केटिंग कंपनियों को नाजायज मुनाफा कमाने दे रही है।

केजरीवाल ने कहा कि पेट्रोल 102 प्रति लीटर के बजाय 82 प्रति लीटर मिलना चाहिए और डीजल की कीमतें भी कम होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि कच्चे तेल की कम कीमतों का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाया जाए। दिल्ली के पूर्व



मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 2014 के बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कई बार गिरी हैं, लेकिन इसका असर पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर नहीं दिखा। उन्होंने पूछा कि 2014 से अब तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम से कम छह बार घटी हैं, लेकिन देश में पेट्रोल की कीमतें उस हिसाब से कम नहीं की गईं। इन सालों में जो भारी मुनाफा कमाया गया, उसका क्या हुआ? केजरीवाल ने तर्क दिया कि ईंधन की कीमतें कम करने से महंगाई का दबाव कम होगा और परिवारों व व्यवसायों, दोनों पर वित्तीय बोझ भी घटेगा। उन्होंने केंद्र पर यह आरोप भी लगाया कि वह तेल कंपनियों को ईंधन की कीमतें कृत्रिम रूप से ऊंची बनाए रखने की अनुमति दे रहा है, जबकि उन्हें सस्ते कच्चे तेल से होने वाले लाभ का फायदा जनता तक पहुंचाना चाहिए। उनके ये बयान केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के उस संकेत के कुछ दिनों बाद आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें चार महीने के निचले स्तर पर आने के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तुरंत कटौती की संभावना नहीं है। मंत्री के अनुसार, सरकारी रिफाइनर अभी भी उस कच्चे तेल को प्रोसेस कर रहे हैं जिसे वेस्ट एशिया में संघर्ष के चरम पर ऊंची कीमतों पर खरीदा गया था।

## 9 साल की अमायरा की मौत से पहले क्लास में क्या हुआ था?

**जयपुर**

**जयपुर** के नीरजा मोदी स्कूल की चौथी मंजिल से कूदकर नौ साल की अमायरा की जान जाने के मामले में एक नए सीसीटीवी फुटेज ने इस त्रासदी की ओर लोगों का ध्यान फिर से खींच दिया है। अमायरा के माता-पिता द्वारा जारी किए गए इस वीडियो में इस दर्दनाक घटना से ठीक पहले के पल दिखाई दे रहे हैं। परिवार का कहना है कि यह वीडियो इस बात का पुख्ता सबूत है कि चौथी कक्षा की इस छात्रा को उसके सहपाठियों (क्लासमेट्स) द्वारा लगातार प्रताड़ित (बुलिंग) किया जा रहा था, जबकि मदद के लिए उसकी गुहार को शिक्षकों ने कथित तौर पर पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। पीड़ित परिवार ने इस मामले में पुलिस की ढीली कार्रवाई का भी आरोप लगाया है। उन्होंने मांग की है कि क्लास टीचर के साथ-साथ स्कूल के प्रिंसिपल और चेयरमैन के खिलाफ भी जुवेनाइल जस्टिस एक्ट की कड़ी धाराएं जोड़ी जाएं और सख्त कार्रवाई की जाए।

सरकारीएजेंसियां

घटना के CCTV फुटेज से पता चला कि 1 नवंबर को अमायरा ने स्कूल की चौथी मंज़िल की रेलिंग से लगभग 48 फीट नीचे छलांग



लगा दी। उसे तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहाँ पहुँचते ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। अमायरा के माता-पिता का शुरू से ही यह कहना रहा है कि लगातार बुलीइंग (परेशान किए जाने) और स्कूल की तरफ से कोई कार्रवाई न किए जाने के कारण उनकी बेटी ने यह कदम उठाया। वे लगातार यह जानना चाहते हैं कि उसकी मौत से ठीक पहले क्लासरूम के अंदर क्या हुआ था।

## शंकरगढ़ में दो सड़क हादसे खलासी समेत दो युवकों की मौत

अखंड भारत संदेश





**शंकरगढ़, प्रयागराज।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। एक हादसे में ट्रक का खलासी सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जबकि दूसरे हादसे में ट्रैक्टर और बाइक की भिड़ंत में एक युवक की जान चली गई।

पहला हादसा शिवराजपुर-बघला रोड पर हुआ, जहां ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी सुशील कुमार दुबे ने बताया कि मृतक मध्य प्रदेश का रहने वाला प्रतीत हो रहा है। बाइक पर तीन लोग सवार थे, जिनमें से दो हादसे के बाद बाइक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस मृतक की पहचान कराने और फरार साथियों की तलाश में जुटी है।

दूसरा हादसा बुधवार रात करीब 10:30 बजे प्रयागराज-बांदा राज्य मार्ग पर कपारी स्थित अल्ट्राटेक यार्ड के सामने हुआ। मदरियापुर, थाना राधानगर (फतेहपुर) निवासी 25 वर्षीय नरेंद्र सविता, पुत्र सोहन सविता, ट्रक में खलासी था। वह चाय और बीड़ी पीने के लिए सड़क पार कर रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।हादसे में गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।थाना प्रभारी सुशील कुमार दुबे ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि युवक को बस या ट्रक ने टक्कर मारी थी। दोनों मामलों में शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर अज्ञात वाहन की तलाश और दोनों हादसों के कारणों की जांच कर रही है।

## श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु भक्ति के सागर में डूबा पथरबंधी महादेव





**बारा, प्रयागराज।** बारा क्षेत्र के पथरबंधी महादेव छीड़ी पहाड़ पर चल रही शिव पुराण कथा के छठवें दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा पंडाल पूरी तरह भक्ति के सागर में डूबा नजर आया और श्रोता कन्हैया के भजनों पर झूम उठे। ?बता दें कि पथरबंधी महादेव छीड़ी पहाड़ पर पहले भव्य 'शिव शक्ति महायज्ञ' का आयोजन किया गया था, जिसके सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद अब यहाँ संगीतमय शिव पुराण कथा का प्रवाह हो रहा है। कथा व्यास पीठ से श्रद्धालुओं को अमृतपान कराते हुए स्वामी नृदुक जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य अवतरण का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा ?₹जब कंस के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का अवतरण हुआ, तो कालकोठरी में चारों ओर अलौकिक प्रकाश फैल गया। भगवान की माया से पहरेदार गहरी नींद में सो गए और वासुदेव जी की लोहे की बेड़ियां अपने आप टूट गईं। भविष्यवाणी के अनुसार, वासुदेव जी ने रात के घनघोर अंधेरे और उफनती यमुना के बीच बालक कृष्ण को सुरक्षित गोकुल पहुंचा दिया।₹ कथावाचक ने आगे बताया कि गोकुल पहुंचते ही कन्हैया ने अपनी मनमोहक बाल लीलाओं से समस्त ब्रजवासियों का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण जन्म के इस आलौकिक प्रसंग के दौरान पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और ₹नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की₹ के जयकारों से गूंज उठा। इस धार्मिक प्रसंग और जन्मोत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्र के कई प्रमुख लोग और सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मुख्य रूप से मौजूद रहने वाले लोगों में सतीश गुप्ता (प्रधान), दयाशंकर शुक्ला, शिवकरण शुक्ला, रामकीर्ति शुक्ला, रघुवंश मिश्रा, पंकज पांडेय, रामचन्द्र शुक्ल, संतोष शुक्ला, हिमांशु मिश्रा सत्ते शुक्ला अन्नू शुक्ल आदि।

## पहली बारिश में ही सहसों बाजार की सड़कों की खुली पोल जलभराव व कीचड़ से राहगीर और व्यापारी परेशान

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** मानसून की पहली बारिश के साथ ही सहसों बाजार की बदहाल सड़कों की तस्वीर एक बार फिर सामने आ गई है। बाजार के कई हिस्सों में जलभराव और कीचड़ फैल जाने से राहगीरों, वाहन चालकों तथा दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह पानी जमा होने और फिसलन के कारण लोगों का सुरक्षित आवागमन मुश्किल हो गया है, जबकि दुर्घटनाओं की आशंका भी लगातार बनी हुई है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि बाजार आने वाले ग्राहकों को कीचड़ और जलभराव से होकर गुजरना पड़ता है। इससे कई लोग बाजार आने से बच रहे हैं, जिसका सीधा असर व्यापार पर पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जिससे दुकानदारों की चिंता बढ़ गई है।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सड़क की बदहाली और जलनिकासी की समस्या से संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक न तो सड़क की समुचित मरम्मत कराई गई और न ही जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था की गई। परिणामस्वरूप हर वर्ष बारिश के दौरान बाजार की स्थिति बद से बदतर हो जाती है और आम लोगों को अनावश्यक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सहसों बाजार में प्रभावी जलनिकासी व्यवस्था सुनिश्चित कर सड़कों की मरम्मत कराई जाए, ताकि जलभराव और कीचड़ की समस्या से स्थायी राहत मिल सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो बरसात के पूरे मौसम में लोगों और व्यापारियों को इसी तरह परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

## भारतगंज के समाजसेवी शब्बीर अंसारी उमराह के लिए रवाना, लोगों ने दी भावभीनी विदाई

अखंड भारत सन्देश



**मांडा, प्रयागराज।** भारतगंज गारोपुर निवासी एवं समाजसेवी शब्बीर अंसारी गुरुवार को पवित्र उमराह की अदायगी के लिए सऊदी अरब रवाना हुए। उनके प्रस्थान के अवसर पर परिजनों, रिश्तेदारों और क्षेत्र के लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया तथा भावभीनी विदाई दी। सभी ने उनकी यात्रा के सफल एवं सकुशल संपन्न होने की कामना की।

इस अवसर पर शुभम केसरी उर्फ डंकी, निसार अहमद, अब्दुल हक अंसारी, शांति भूषण, शमशाद, शामसुल, तस्लीम, इफरान, रिजवान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मौजूद लोगों ने कहा कि उमराह इस्लाम में अत्यंत महत्वपूर्ण इबादत है, जो इंसान को आध्यात्मिक शांति और आत्मिक सुकून प्रदान करती है।

रवाना होने से पहले शब्बीर अंसारी ने सभी से दुआ की अपील करते हुए कहा कि वह पवित्र हरमैन शरीफैन में अपने परिवार, क्षेत्र और देश की तरक्की, अमन-चैन एवं खुशहाली के लिए विशेष दुआ करेंगे। उन्होंने कहा कि उमराह इंसान के भीतर पवित्रता, संयम और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है तथा समाज में एकता और सद्भाव का संदेश देता है।

## जंक्शन से पकड़ा गया आरोपी यू-ट्यूब से सीखा था फर्जी नोटों जैसी गड्डियां देकर ठगने का तरीका




**प्रयागराज।** जंक्शन पर फर्जी नोटों के साथ गिरफ्तार बीकानेर निवासी रामनिवास से पूछताछ में कई जानकारियां सामने आई हैं। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने लोगों को फर्जी नोटों जैसी गड्डियां देकर ठगने का तरीका यू-ट्यूब से सीखा था। इसके बाद दिल्ली के पहाड़गंज के रहने वाले एक गिरोह से संपर्क किया और ऐसी गड्डियां खरीदकर अलग-अलग शहरों में लोगों को ठगता था। जांच में पता चला कि आरोपी लोगों को विश्वास में लेने के लिए कहता था कि उसके पास काफी नकदी है लेकिन उसे तत्काल ऑनलाइन भुगतान की जरूरत है। वह लालच देता था कि यदि उसे ऑनलाइन रुपये दिए तो वह नकद में अधिक रकम देगा। आरोपी पांच लाख रुपये के ऑनलाइन भुगतान के बदले 5.50 लाख रुपये देने का झांसा देता था। इन गड्डियों के ऊपर और नीचे असली नोट जैसी छपाई होती थी जबकि बीच में सादे कागज रखे थे। वह हर गड्डी तय कीमत पर खरीदता था। पुलिस अब यह पता लगा रही है कि एक गड्डी के लिए उसने कितनी रकम चुकाई और उसे गड्डियां किसने उपलब्ध कराईं। इसके अलावा यहां भी पता लगा रही है कि आरोपी यहां गिरोह के किसी सदस्य से मिलने या इन गड्डियां सौंपने की तैयारी में तो नहीं था। जीआरपी प्रभारी अकलेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रयागराज में उसके संभावित संपर्कों और गिरोह के नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

## डीएम से शिकायत के बाद गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत पर महिला चिकित्सक के खिलाफ केस दर्ज

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जनपद औद्योगिक थाना अंतर्गत एक नीजी अस्पताल की महिला चिकित्सक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत और मां की जान खतरे में डालने से संबंधित है। घटना नवंबर 2025 की है। डीएम से शिकायत के बाद सीएमओ की ओर से गठित मेडिकल टीम की रिपोर्ट पर कार्रवाई की गई है। शिकायतकर्ता शंकर शुक्ल ने बताया कि उनकी पत्नी वशिता गर्भवती थीं। उनका इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा था। 28 अक्तूबर 2025 को रात दर्द होने पर अगली सुबह वे अस्पताल पहुंचे। आरोपी डॉक्टर ने डिलीवरी में 20 दिन का समय बताया और इंजेक्शन व दवाएं देकर घर भेज दिया। रात में फिर संपर्क करने पर डॉक्टर ने इसे सामान्य बताया।

पांच नवंबर 2025 को गर्भवती को घबराहट हुई। दोबारा डॉक्टर के पास जाने पर बताया गया कि बच्चे की मूवमेंट नहीं हो रही है और गले में नाल फंसने से उसकी मौत हो गई है। वशिता ने लापरवाही का आरोप लगाया, जिस पर डॉक्टर ने बहस करने पर हाथ-पैर तुड़वाने की धमकी दी। अधिकारियों से शिकायत की बात पर भी धमकी दी गई।

इसके बाद वे करछना के एक अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे के शरीर में सड़न फैल चुकी है। सात नवंबर को वशिता को भर्ती कर मृत बच्चे को बाहर निकाला गया। गणेश शंकर शुक्ल ने डीएम से शिकायत की थी, जिसके बाद मेडिकल टीम की रिपोर्ट पर आरोपी महिला डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। एसओ औद्योगिक क्षेत्र कमलेश पटेल ने बताया कि मेडिकल टीम की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज की गई है।

## अपराध नियंत्रण शान्ति व्यवस्था में प्रेस की भूमिका महत्त्व पूर्ण : शैलेन्द्र सिंह



**कोरॉंव, प्रयागराज।** कोरॉंव के नये इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह ने पत्रकारों से परिचय के दौरान कहा कि अपराध नियंत्रण एवं शान्ति व्यवस्था में प्रेस मिडिया की महत्त्व पूर्ण भूमिका होती है, इंस्पेक्टर श्री सिंह ने छेत्र की समस्याओं और अपराध के बारे में जानकारी ली,, और पत्रकारों के सहयोग की अपेक्षा की. उन्होंने कहा कि किसी मजलूम की समस्या उत्पीणन हो या पत्रकारों की कोई समस्या या खतरा हो हम सदैव सुरक्छा और निराकरण मदद के लिए तत्पर रहेंगें. उन्होंने अधीनस्थ को समाचार संकलन के लिए पत्रकारों को जानकारी देने के लिए निर्देशित किया. और आये हुए पीड़ितों फरियादियों की भी समस्याएं सुनी. और कार्रवाई की।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आशा देवी पत्नी श्रीराम, निवासीः रहवई, थाना-कोतवाली कुंडा, प्रतापगढ़, मेरे पुत्रगण जगदीश गौतम, विजय गौतम, एवं अजय कुमार गौतम को गलत आचरण और कहने सुनने में न होने के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से सदा के लिए बेदखल करती हूँ। भविष्य में इनके किसी कृत्य या लेन-देन से मेरा कोई संबंध नहीं होगा।

**आशा देवी पत्नी श्रीराम रहवई, कुंडा, प्रतापगढ़।**

## सूचना

मेरा नाम यश पाण्डेय और पिता का नाम संतोष कुमार पाण्डेय है। पता 7 एलआईजी टाइप 2 एडीए कालोनी झूंसी तहसील फूलपुर जिला प्रयागराज उत्तर प्रदेश पिन. 211019 है। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में त्रुटि वश पिता का नाम संतोष पाण्डेय हो गया है जब कि उनका सही नाम संतोष कुमार पाण्डेय है।

## श्रीगंगानगर पीड़िता के लिए मांडा में कैंडल मार्च : दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने की मांग, समाज हुआ एकजुट

अखंड भारत संदेश




**मांडा।** थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक मौन कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। यह मार्च राजस्थान की 13 वर्षीय अंशु और पश्चिम बंगाल की 12 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ हुई जघन्य घटनाओं के विरोध में निकाला गया। इसमें बेटियों की सुरक्षा और दोषियों को शीघ्र कठोर सजा दिलाने की मांग की गई।

कैंडल मार्च सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मांडा से शुरू होकर काली माता मंदिर तक चला। इसमें बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं, महिलाओं और आम नागरिकों ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम किसी एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज की आवाज है।

मार्च का उद्देश्य पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करना, अपराधियों को शीघ्र न्यायिक दंड दिलाने की मांग उठाना और समाज में महिलाओं तथा बच्चियों की सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश देना था। हाथों में जलती मोमबत्तियां और न्याय के समर्थन में लिखी तख्तियां लेकर लोग शांतिपूर्ण ढंग से मुख्य मार्गों से गुजरे।

समाजसेवी डॉ. रवि शंकर पाण्डेय ने इस अवसर पर कहा कि महिलाओं की सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारीहै। उन्होंने सरकार और प्रशासन से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी एवं स्थायी कदम उठाने तथा पीड़िता के परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की।

इस दौरान रवि शंकर पाण्डेय, अरुण द्विवेदी सनातन, अमित पाण्डेय रफ्तार, विपिन मिश्रा, दीपू तिवारी, आशीष तिवारी, विक्की तिवारी, विनोद द्विवेदी, विनय तिवारी, सुशील चतुर्वेदी सहित कई क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के उत्तरी लोकपुर कॉलोनी में घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर नैनी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तरी लोकपुर कॉलोनी निवासी कमलेश यादव ने अपनी मोटरसाइकिल को 3 जुलाई की रात अपने घर के बाहर खड़ा किया था। अगले दिन वाहन मौके से गायब मिला। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चलने पर उन्होंने नैनी थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा वाहन की तलाश की जा रही है।

# 'मेरा युवा भारत' पोर्टल पर पंजीकरण बढ़ाने के निर्देश, युवाओं के लिए एआई और रोबोटिक्स प्रशिक्षण पर जोर

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** जिले के युवाओं को 'मेरा युवा भारत' (माई भारत) से जोड़ने और उन्हें आधुनिक तकनीकों से लैस करने की दिशा में प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को संगम सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई, जिसमें युवाओं के अधिकतम पंजीकरण, कौशल विकास और भविष्य की तकनीकों पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जिले के प्रमुख महाविद्यालयों और संबंधित विभागों को 'मेरा युवा भारत' पोर्टल पर अधिक से अधिक युवाओं का पंजीकरण कराने के लक्ष्य दिए। उन्होंने एसएस खन्ना डिग्री कॉलेज, सीएमपी डिग्री कॉलेज, कुलभास्कर आश्रम डिग्री कॉलेज, यूनाइटेड विश्वविद्यालय और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से निर्धारित लक्ष्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

उन्होंने खेल, पंचायती राज और अन्य विभागों से कहा कि गांवों, शिक्षण संस्थानों और सामुदायिक स्तर पर युवाओं को अभियान से जोड़ते हुए उनकी नियमित भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण से युवाओं को प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, स्वयंसेवी गतिविधियों, अनुभवात्मक अधिगम, नेतृत्व विकास और अन्य नवाचार आधारित कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा।

बैठक में युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और रोबोटिक्स आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने पर भी विशेष चर्चा हुई। इसके लिए भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) प्रयागराज और मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी) के सहयोग से एआई एवं रोबोटिक्स प्रयोगशालाएं स्थापित करने और आधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण संचालित करने की संभावनाओं पर विचार किया गया। उद्देश्य युवाओं को रोजगार, नवाचार और उद्यमिता के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

बैठक के अंत में 'मेरा युवा भारत' प्रयागराज की उप निदेशक जागृति पांडेय ने आगामी युवा कार्यक्रमों, स्वयंसेवी अभियानों, कौशल विकास गतिविधियों और जनभागीदारी आधारित आयोजनों की जानकारी देते हुए सभी विभागों और शिक्षण संस्थानों से सक्रिय सहयोग की अपील की।

बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक भूपेंद्र कुमार सिंह, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक अजय गिरी, विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिनिधि, जिला सेवायोजन अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला संस्कृति अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## 15 जुलाई को लगेगा दिव्यांग मोबाइल कोर्ट, मौके पर सुनी जाएंगी शिकायतें

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** दिव्यांगजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से 15 जुलाई को सर्किट हाउस सभागार में मोबाइल कोर्ट (दिव्यांग न्यायालय) का आयोजन किया जाएगा। यह अदालत सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगी, जहां दिव्यांगजन अपनी शिकायतों और समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे।

मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने बताया कि राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन, उत्तर प्रदेश के न्यायालय की ओर से आयोजित इस मोबाइल कोर्ट में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। शिकायतों का मौके पर ही सुनवाई कर यथासंभव उसी दिन निस्तारण कराने का प्रयास किया जाएगा।

मोबाइल कोर्ट में उपजिलाधिकारी सदर, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, लोक निर्माण विभाग एवं नगरीय विद्युत निगम के अधिशासी अभियंता तथा डीआरएम, प्रयागराज सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

प्रशासन ने जिले के सभी दिव्यांगजनों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि और समय पर सर्किट हाउस पहुंचकर अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें, ताकि उनका शीघ्र और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## 16 से 22 जुलाई तक मनाया जाएगा भूजल सप्ताह, डीएम बोले- जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाएं विभाग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिले में 16 से 22 जुलाई तक भूजल सप्ताह मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को संगम सभागार में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अभियान की कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि भूजल संरक्षण को जनभागीदारी से जोड़ते हुए व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए। इस वर्ष अभियान की थीम ₹जल संरक्षण का करें संकल्प, इसका नहीं है कोई विकल्प₹ निर्धारित की गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि 16 और 17 जुलाई को ग्राम पंचायत स्तर, 18 और 19 जुलाई को विकासखंड एवं क्षेत्र पंचायत स्तर, 20 और 21 जुलाई को नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत स्तर तथा 22 जुलाई को जिला, नगर विकास और विकास प्राधिकरण स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के सफल संचालन के लिए मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

बैठक में जिलाधिकारी ने तालाबों और चेकडैमों के जीर्णोद्धार, उनकी सफाई तथा वर्षा जल संचयन की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी और निजी स्कूलों, पंचायत भवनों सहित अन्य सार्वजनिक भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने और लोगों को अपने घरों की छतों पर वर्षा जल संचयन प्रणाली स्थापित करने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया।

उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालयों में जल संरक्षण विषय पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित कराने के निर्देश दिए। वहीं कृषि एवं उद्यान विभाग को किसानों को ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई अपनाने के लिए प्रेरित करने को कहा। जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्राम पंचायत स्तर पर श्रमदान, रिचार्ज पिट निर्माण, दीवार लेखन और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए।

लघु सिंचाई विभाग को चेकडैम और रिचार्ज संरचनाओं का निरीक्षण कर उनकी साफ-सफाई कराने तथा उद्योग विभाग को औद्योगिक क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों, स्वयं सहायता समूहों, विद्यालय प्रबंध समितियों और स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

उन्होंने सभी विभागों को अभियान के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट, फोटो और वीडियो तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता समितियों की बैठक आयोजित कर पाइप पेयजल योजना, जल के समुचित उपयोग और भूजल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने को कहा। विकासखंड स्तर पर जल संरक्षण विषयक कार्यशालाएं आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नैनी में नाले की सफाई न होने से सड़क पर भरा बारिश का पानी, पानी में घुसी कार नाले में फंसी





**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के मिजार्पुर रोड पर नाले की समय पर सफाई नहीं होने के कारण बरसात का पानी सड़क पर भर गया जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसी दौरान प्रयागराज शहर से मेवालाल बगिया की ओर जा रही एक कार जलभराव के बीच सड़क का अनुमान नहीं लगा सकी और पानी के भीतर छिपे नाले में जा फंसी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर पानी इतना अधिक भरा हुआ था कि नाला पूरी तरह दिखाई नहीं दे रहा था। चालक ने जैसे ही जलभराव वाले हिस्से से वाहन निकालने का प्रयास किया, कार अचानक नाले में धंस गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए काफी मशक्कत के बाद कार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और कार सवार भी सुरक्षित रहे। हालांकि घटना के कारण कुछ समय तक सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग द्वारा नालों की नियमित सफाई नहीं कराई जा रही है, जिसके चलते हर वर्ष बरसात के मौसम में सड़क पर जलभराव की स्थिति बनजाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि नालों की तत्काल सफाई कराई जाए और जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## समाजसेवी रामकृष्ण त्रिपाठी ने प्रयागराज से मांडा खास तक इलेक्ट्रिक बस संचालन का उठाया मुद्दा

### क्षेत्र के लोगों की आवागमन की परेशानियों को लेकर भाजपा नेता ने परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक से की मुलाकात कहा मांडा खास से सीधे प्रयागराज आने जाने हेतु विभाग की नहीं है कोई सुविधा, इलेक्ट्रानिक शटल बस सेवा संचालन है केवल विकल्प

**मेजा।** क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा युवा नेता रामकृष्ण त्रिपाठी ने परिवहन निगम के अधिकारियों से मुलाकात कर प्रयागराज से भारतगंज होते हुए माडाखास तक इलेक्ट्रिक शटल बस सेवा संचालन की मांग की है। उल्लेखनीय है कि माण्डा के कुशालपुर गांव के समाजसेवी श्री त्रिपाठी ने परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक से इस संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की और कहा कि मांडा खास से शहर मुख्यालय की दूरी लगभग 60 किलोमीटर है जहां देश के पूर्व प्रधानमंत्री और माण्डा नरेश की राजधानी व भारतगंज नगर पंचायत भी स्थित है,लेकिन इस मार्ग पर सीधे प्रयागराज आने जाने के लिए आज तक कोई परिवहन सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है। ऐसे में यहां के लोगों को प्रयागराज पहुंचने और आने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। श्री त्रिपाठी ने क्षेत्रीय प्रबंधक से विचार विमर्श के दौरान बताया कि इस परेशानी के समाधान हेतु शटल सेवा बेहतर विकल्प है जिस पर विभाग को विचार करना चाहिए उन्होंने चर्चा के दौरान मांडा खास क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति को भी क्षेत्रीय प्रबंधक से साझा किया और कहा कि इससे जुड़ा ब्लॉक मुख्यालय थाना सीएचसी लॉक संसाधन केंद्र (बीआरसी), इंटर कॉलेज व डिग्री कॉलेज सहित कई अन्य महत्वपूर्ण सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थान जहां संचालित हैं वहीं भारतगंज बाजार में नगर पंचायत कार्यालय, आयुर्वेदिक अस्पताल सहित अन्य प्रमुख कार्यालय भी स्थित हैं। इसके बावजूद भी यहां नियमित बस सेवा का अभाव बना हुआ है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रयागराज व नैनी एरिया से बड़ी संख्या में कर्मचारी, शिक्षक व आम नागरिक प्रतिदिन मांडा और भारतगंज आते-जाते हैं। शहर मुख्यालय से कई ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों तक शटल सेवा का लाभ दिया जा रहा है लेकिन मांडा क्षेत्र को इस सुविधा से वंचित रखा गया है। समाजसेवी के अनुसार अधिकारियों ने उनकी मांग को गम्भीरता से लिया है और शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लिए जाने का भरोसा दिया है।



परिवहन विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक से मुलाकात कर इलेक्ट्रिक शटल बस सेवा के संचालन की मांग करते समाजसेवी

## जान बचाने में किया गया हमला आत्मरक्षा का हिस्सा, उम्रकैद की सजा से दो सगे भाई बरी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 40 साल पहले हुई हत्या में मिली उम्रकैद से दो सगे भाइयों को बरी कर दिया। कहा कि जान बचाने के लिए किया गया हमला आत्मरक्षा का हिस्सा है। यह फैसला न्यायमूर्ति जेजे मुनीर, न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने टीकम सिंह उनके बेटे चितेंद्र और मुनेश की ओर से सजा के खिलाफ दाखिल अपील स्वीकार करते हुए सुनाया है। मामला मुरादाबाद के बनियाठेर थाना क्षेत्र का है। चार अगस्त 1986 को मुरादाबाद के विजयपुर गांव में जमीन के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। आरोप लगा कि टीकम सिंह ने बेटे चितेंद्र सिंह और मुनेश के साथ हथियारबंद होकर रामवीर सिंह पर हमला कर दिया। इससे रामवीर सिंह की मौत हो गई थी। 23 दिसंबर 1987 को ट्रायल कोर्ट ने तीनों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ इन्होंने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने माना कि टीकम सिंह घटना के समय बुजुर्ग हो चुके थे। साथ ही शारीरिक रूप से दिव्यांग थे। उन पर रामवीर के पक्ष ने हमला किया। इसमें उन्हें 20 चोटें आई थीं। टीकम सिंह के बेटे चितेंद्र और मुनेश ने अपने पिता की जान बचाने के लिए आत्मरक्षा में बल का प्रयोग किया था, जो कानूनन सही है। कोर्ट ने पाया कि अभियोजन घटना का असली कारण और टीकम सिंह को आई चोटों के बारे में सच छिपा रहा था। इसके अलावा घटना में इस्तेमाल हथियारों की बरामदगी न होना भी अभियोजन के दावों पर सवाल खड़ा करता है। मुख्य आरोपी टीकम सिंह की अपील के दौरान मृत्यु हो चुकी थी। लिहाजा, कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए चितेंद्र सिंह और मुनेश को सभी आरोपों से बरी कर दिया है।

## अगस्त के पहले सप्ताह में होगी मंडलीय पेंशन अदालत, 25 जुलाई तक दर्ज कराएं शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों और अधिकारियों की पेंशन एवं सेवानिवृत्ति लाभों से जुड़ी लंबित शिकायतों के निस्तारण के लिए अगस्त के पहले सप्ताह में मंडलीय पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। मंडलायुक्त की अध्यक्षता में होने वाली इस अदालत में केवल निर्धारित प्रारूप पर समय सीमा के भीतर प्राप्त मामलों की ही सुनवाई होगी। अपर निदेशक (कोषागार एवं पेंशन) एवं पेंशन अदालत की संयोजक आस्था तिवारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली मंडलीय पेंशन अदालत के लिए सेवानिवृत्त कर्मचारी और अधिकारी अपनी शिकायतें 25 जुलाई तक जमा कर सकते हैं। शिकायतें सेवानिवृत्ति लाभों की स्वीकृति, भुगतान अथवा अन्य संबंधित मामलों से जुड़ी हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि शिकायत निर्धारित वाद पत्र के प्रारूप पर तीन प्रतियों में अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, प्रयागराज मंडल के कार्यालय, नवीन कोषागार भवन, कचेहरी रोड, प्रयागराज में किसी भी कार्य दिवस पर जमा करनी होगी। वाद पत्र का निर्धारित प्रारूप भी इसी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि 25 जुलाई के बाद प्राप्त होने वाले प्रार्थना पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही, केवल निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत शिकायतों को ही पेंशन अदालत में सुनवाई के लिए स्वीकार किया जाएगा। इससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित पेंशन संबंधी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का मार्ग प्रशस्त होगा।

## भाजपा के 12 पार्षदों पर कार्रवाई अधर में, नोटिस के छह दिन बाद भी संगठन ने नहीं लिया फैसला

**अखंड भारत संदेश**



**शिवपुरी।** नगर पालिका शिवपुरी में पार्टी अनुशासन से जुड़े मामले में भाजपा के 12 पार्षदों को जारी कारण बताओ नोटिस पर छह दिन बीत जाने के बाद भी संगठन की ओर से कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। तीन दिन के भीतर जवाब देने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अब तक कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी है। इस बीच भाजपा जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी पार्षद को नोटिस की हार्ड कॉपी नहीं मिली है तो वह सोशल मीडिया पर उपलब्ध प्रति का प्रिंट निकालकर अपना जवाब दे सकता है। मामला 4 जुलाई को आयोजित एक कार्यक्रम से जुड़ा है, जहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर जनसंपर्क अभियान चल रहा था। इसी दौरान भाजपा के कुछ पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की थी। घटना को संगठन ने अनुशासनहीनता मानते हुए 12 पार्षदों को कारण बताओ नोटिस जारी किया और तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा था।

जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से वे अन्य कार्यक्रमों में व्यस्त थे। अब वे यह जानकारी लेंगे कि संबंधित पार्षदों के जवाब प्राप्त हुए हैं या नहीं। यदि जवाब नहीं मिले हैं तो उन्हें प्राप्त कर संगठनात्मक स्तर पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में अधिकांश पत्राचार सोशल मीडिया के माध्यम से भी किया जाता है, इसलिए जिन पार्षदों को नोटिस की हार्ड कॉपी नहीं मिली है, वे सोशल मीडिया से उसका प्रिंट निकालकर अपना जवाब प्रस्तुत कर सकते हैं।

उधर, नगर पालिका अध्यक्ष गुरुवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, भोपाल में निर्धारित सुनवाई में शामिल होने पहुंचीं। ऐसे में एक ओर प्रशासनिक प्रक्रिया चल रही है तो दूसरी ओर संगठन की कार्रवाई पर भी राजनीतिक हलकों की नजर बनी हुई है। भाजपा पार्षदों की नारेबाजी और उसके बाद जारी नोटिस को लेकर शहर की राजनीति में चचाएं तेज हैं। अब सभी की निगाहें पार्षदों के जवाब और संगठन के अगले फैसले पर टिकी हैं। यह देखना होगा कि पार्टी अनुशासन के इस मामले में आगे क्या कदम उठाती है।

## शिकायत के बाद भी एक्टिव नहीं हुए जिम्मेदार लोग दुकान पर गिरा पेड़ बड़ा हादसा टला

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** विभागीय लापरवाही का एक गंभीर मामला मेजा क्षेत्र के लखनपुर गांव में सामने आया है। समय रहते कार्रवाई न होने के कारण यूकेलिप्टस का एक विशाल पेड़ अचानक गिर गया, जिससे मां लक्ष्मी अन्न भंडार की दुकान क्षतिग्रस्त हो गई। दुकान में रखा अनाज बारिश में भीगने से खराब हो रहा है,और दुकान संचालक को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि गनीमत रही कि घटना के समय दुकान में मौजूद लोग बाल-बाल बच गए और कोई जनहानि नहीं हुई है। दुकान संचालक संजीव कुमार जायसवाल ने आरोप लगाया कि पेड़ काफी समय से जर्जर था और उसके गिरने का खतरा लगातार बना हुआ था। उन्होंने कई बार संबंधित विभाग को लिखित आवेदन देकर पेड़ कटवाने की मांग की थी, लेकिन जिम्मेदार लोगों ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और मजबूरी में दुकान संचालक ने पेड़ को रस्सी से बांधकर अस्थायी व्यवस्था की थी, ताकि किसी तरह हादसे को टाला जा सके। संजीव कुमार जायसवाल का कहना है कि यदि संबंधित विभाग के जिम्मेदार समय रहते पेड़ का समाधान कर दिए होते तो न दुकान को नुकसान होता और न ही लोगों की जान जोखिम में पड़ती। आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग की उदासीनता बनी रही, जिसका परिणाम यह हादसा है।



घटना के बाद स्थानीय लोगों में भी विभाग के प्रति नाराजगी है। लोगों का कहना है कि यदि पेड़ किसी राहगीर या दुकान में बैठे लोगों पर गिर जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने पीड़ित दुकानदार को क्षतिपूर्ति दिए जाने की मांग किया है। साथ ही साथ क्षेत्र में इस प्रकार के अन्य जर्जर पेड़ों की जांच कर उन्हें शीघ्र कटवाने की मांग की है।

# डीएम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में बैंकों में लम्बित आवेदन पत्रों पर स्वीकृतिध्वितरण की कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने बैंकों में अधिक दिनों से लंबित पड़े आवेदन पत्रों तथा अनावश्यक कारणो से आवेदन पत्रो के रिजेक्शन पर गहरी नाराजगी व्यक्त की और सभी बैंक जिला समन्वयकों को निर्देश दिये कि बैंकों में लंबित आवेदन पत्रों का निस्तारण युद्धस्तर पर किया जाए एवं अपनी बैंक शाखाओं से भी आवेदन कराने हेतु निर्देश दिया। स्वीकृत आवेदन पत्रों के ऋण वितरण की कार्यवाही में किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरती जाए। अगली समीक्षा बैठक तक सभी बैंक लंबित पत्रावलियों का निस्तारण कर प्रगति से अवगत करायेगें। अन्त में जिलाधिकारी ने सभी को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना, उपायुक्त उद्योग एस0एस0 रावत, अग्रणी जिला प्रबन्धक नीरज सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं सभी बैंको के जिला समन्वयक उपस्थित रहे।

## महिला पर लाठी-डंडों से हमला, गंभीर रूप से घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के पुरानी पट्टी गांव में खेत में पानी ले जाने को लेकर हुए विवाद में एक महिला को लाठी-डंडों से जमकर पीटने का आरोप लगाया गया है। मारपीट में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 7 बजे खेत में पानी ले जाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी दौरान विपक्षी पक्ष ने मेवला देवी, पत्नी स्वर्गीय कन्हैया लाल, पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें उपचार दिलाया। पीड़िता ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में पट्टी कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हो गया है। मामले की जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वृक्षारोपण को लेकर लोगों को किया गया जागरूक




**कुंडा।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से बाबागंज ब्लॉक मुख्यालय स्थित तनुज रेस्टोरेंट एंड कैफे पर चाय पर चर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों को वृक्षारोपण के लाभ बताए गए। चर्चा में वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए हर व्यक्ति को आगे आना होगा। पीपल, बरगद, पाकड़, गूलर, जामुन और नीम जैसे वृक्षों पर विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि ये वृक्ष न सिर्फ छायादार होते हैं बल्कि फलदार भी हैं, जो मनुष्य के साथ-साथ पशु-पक्षियों के लिए भी लाभकारी हैं।चर्चा के दौरान लोगों को शुद्ध हवा, तापमान में कमी और भावी पीढ़ी की सुरक्षा से जोड़कर वृक्षारोपण के महत्व को समझाया गया। सभी ने कम से कम 5 से 10 छाया और फलदार वृक्ष लगाने का संकल्प लिया।आयोजकों ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक, सोशल मीडिया अभियान और स्थानीय स्तर पर मुफ्त पौधे वितरण जैसे कदम उठाए जाएंगे। चाय पर चर्चा में राजा भैया के मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह मानगढ़, गुड्डू तिवारी, सचिव पिंटू मिश्रा, रामू, सचिव संतोष तिवारी, अंजनी मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पति की पिटाई से महिला गंभीर घायल, दी तहरीर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के कठार गांव निवासी आरती पाल पत्नी राजकुमार पाल ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके देवर कन्हैया लाल के उकसाने पर दो दिन पूर्व सुबह करीब 7 बजे उसके पति ने लाठी-डंडा व लात-घूंसे से जमकर मारा पीटा था जिससे उसे काफी चोटें आ गई थी। इलाज के बाद विवाहिता पति से विवाद होने के चलते थाने पर शिकायत नहीं की थी। उसका आरोप है कि गुरुवार की दोपहर करीब 1रू30 बजे देवर के उकसाने पर पति पुनः उसके साथ मारपीट पर आमादा हो गया और उसे देखने के लिए आए बेटी दामाद को भी गालियां दी और घर से भगा दिया। पीड़ित महिला ने गुरुवार 3 बजे थाने पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में हल्का दरोगा कमलेश कुमार ने बताया शिकायत पर जांच की जा रही है,।

### वारंटी अभियुक्त को पट्टी पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**पट्टी।** आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों और वांछितों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पट्टी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने क्षेत्र में दबिश देकर काफी समय से फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को उसके घर के पास से दबोच लिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रतापगढ़ दीपक भूकर द्वारा जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को पट्टी थाने के उपनिरीक्षक (एसआई) विजय कुमार यादव अपने हमराही रिक्रूट कांस्टेबल गोलू के साथ क्षेत्र में वांछितों की तलाश और जांच प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए गश्त पर थे। गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना और सटीक इनपुट के आधार पर पुलिस टीम ने सरसतपुर गांव में दबिश दी। पुलिस ने घेराबंदी कर धारा 323, 308, 336, 504 और 506 भादवि से संबंधित मुकदमे (अपराध संख्या 74622) में वांछित चल रहे वारंटी अभियुक्त मनोज कुमार (45) पुत्र मगरू गौतम को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी का पुलिस ने विधिक प्रक्रिया के तहत चालान कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस की इस मुस्तैदी की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

### पॉक्सो और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पट्टी।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पट्टी थाना पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने दुष्कर्म, अपहरण और पॉक्सो एक्ट के मामले में काफी समय से वांछित चल रहे एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार और क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना पट्टी प्रभारी निरीक्षक आनंद पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग और वारंटियों की तलाश में गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि संबंधित मुकदमों में वांछित आरोपी इलाके में ही मौजूद है। मुखबिर की पक्की सूचना पर उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने अपनी टीम के साथ तत्काल कार्रवाई करते हुए कृष्णा ईंट भट्ठा मार्ग धनगढ़ छिवलहा के पास घेराबंदी की। पुलिस टीम ने मौके से आरोपी अमन सिंह (21 वर्ष) पुत्र बीरेन्द्र सिंह को धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से जौनपुर जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के कुशा गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के खिलाफ थाना पट्टी में भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की धारा 64(1), 137(2), 87 और 3६4 पॉक्सो एक्ट (च्व्ब्ै ।बज) के तहत मुकदमा पंजीकृत था, जिसमें वह वांछित चल रहा था। आरोपी को गिरफ्तार करने में उ0नि0 प्रदीप कुमार, रि0का0 अभिषेक गौतम, रि0का0 राहुल कुमार, रि0म0का0 अंशिका जायसवाल शामिल रहे।

### लाईन में खराबी के चलते बाधित रही बिजली, हलाकान हुए ग्रामीण

**लालगंज।** तैंतीस हजार लाईन में आयी खराबी के चलते विद्युत उपकेन्द्र भटनी की सप्लाई करीब ग्यारह घंटे बाधित रही। विद्युत उपकेंद्र भटनी से जुड़े फीडरों की सप्लाई बुधवार दोपहर करीब एक बजे अचानक ठप हो गयी। जिसके चलते क्षेत्र के भटनी, लकुरी, केदौरा, वीरसिंहपुर, लोहंगपुर, उमरपुर समेत दर्जनों गांवों की सप्लाई बन्द हो गयी। विद्युत सप्लाई रात बारह बजे चालू हो सकी। इससे करीब ग्यारह घंटे लोग हलाकान रहे। अवर अभियंता तीर्थराज सिंह ने बताया कि तैंतीस हजार लाईन में खराबी आ गयी थी। जिसे ठीक कराकर सप्लाई बहाल करा दी गयी। इधर लालगंज विद्युत उपकेंद्र के ग्रामीण फीडर से संचालित तिना फीडर में आयी खराबी के चलते उपभोक्ता रात भर अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। सप्लाई बाधित होने के चलते तिना फीडर से जुड़े करीब आधा दर्जन गांवों की आपूर्ति ठप होने से लोग हलाकान दिखे। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत सप्लाई का कोई रोस्टर नहीं रह गया है। इससे खासी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### आम तोड़ने के विवाद में हुई मारपीट, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** आम तोड़ने से मना करने पर आरोपियों ने युवक को मारापीटा। घटना को लेकर घायल युवक की मां ने पुलिस को नामजद तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के रामलाल का पुरवा डांड़ी गांव की रेखा देवी पत्नी संतोष कुमार यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती नौ जून को दोपहर गांव के ही कुछ लोग उसके पुत्र को जबरन वाहन में बैठाकर बाग में ले गये और किसी अन्य के पेड़ से आम तोड़ने की बात कही। पीड़िता का आरोप है कि उसके पुत्र ने दूसरे के पेड़ से आम तोडने से मना किया तो आरोपियो ने उसे जमकर मारापीटा। गंभीर चोट लगने से घायल अरविन्द यादव बेहोश हो गया। जानकारी होने पर परिजन पहुंचे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गये। गंभीर रूप से घायल युवक का इलाज कराने के बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद, लगे जयकारे

**लालगंज।** मन्दिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आयोजित भण्डारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। लक्ष्मणपुर ब्लाक अन्तर्गत पूरे पण्डित का पुरवा डांडी में नवनिर्मित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रोचार के बीच भगवान श्री सिद्धेश्वर महादेव के साथ ही प्रथम पूज्य श्रीगणेश, मां गौरी की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा विधिविधान से सम्पन्न हुआ। आचार्य संतोष तिवारी के नेतृत्व में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की सम्पन्नता के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन राधेकृष्ण तिवारी ने किया। वहीं राधेश्याम तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, नारेन्द्र तिवारी, नागेन्द्र तिवारी, सत्येन्द्र तिवारी, सत्यम तिवारी, राजीव तिवारी ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागिता की। भण्डारे में पहुंचे भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख संजय तिवारी, प्रधान संघ अध्यक्ष दिनेश सिंह, सांसद प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल महेश, विकास मिश्र, अधिवक्ता गिरीश मिश्र, उदयराज तिवारी आदि ने प्रसाद ग्रहण किया।

# भूमि विवाद में युवक की मौत, तीन आरोपी गिरफ्तार आलाकत्ल बरामद

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** थाना कंधई क्षेत्र में भूमि बंटवारे के विवाद में हुई मारपीट के दौरान घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, कुदाल और फावड़े का बेंट बरामद किया गया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त बिना नंबर प्लेट का ई-रिक्शा भी सीज कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई को थाना कंधई क्षेत्र के ग्राम कोनी में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। घटना में कई लोग घायल हुए थे, जिनमें वादी के पुत्र की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस संबंध में थाना कंधई में मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक आदित्य कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ढेलहा मोड़ के पास से सोनू उर्फ सूबेदार वर्मा (30) रोहित वर्मा (24) तथा हीरावती (58) निवासी ग्राम कोनी, थाना कंधई को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने भूमि विवाद को लेकर मारपीट करने तथा कुल्हाड़ी, कुदाल एवं डंडों से हमला करने की बात स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के ई-रिक्शा को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय भेज दिया है।

# प्रतापगढ़ पुलिस के बेड़े में शामिल हुईं डायल-112 की चार नई गाड़ियां



**प्रतापगढ़।** जिले की आपातकालीन पुलिस सेवा को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में गुरुवार को डायल-112 के चार नए चारपहिया वाहन पुलिस बेड़े में शामिल किए गए। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने हरी झंडी दिखाकर इन वाहनों को गश्त और आपातकालीन सेवा के लिए रवाना किया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार, डायल-112 प्रभारी दौलत यादव सहित पुलिस विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी दीपक भूकर ने कहा कि नए वाहनों के शामिल होने से आपातकालीन घटनाओं पर पुलिस की प्रतिक्रिया और अधिक तेज होगी। इससे डायल-112 का रिस्पॉन्स टाइम कम होगा तथा शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में लोगों को समय पर पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों से लैस वाहन पुलिस की गश्त को भी अधिक प्रभावी बनाएंगे, जिससे अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी।एसपी ने बताया कि पुलिसिंग के आधुनिकीकरण की प्रक्रिया लगातार जारी है। आवश्यकता के अनुसार पुरानी और अनुपयोगी हो चुकी गाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से बदला जाएगा, ताकि पुलिस की आपातकालीन सेवाएं और अधिक सुदृढ़ बन सकें।उन्होंने पुलिसकर्मियों से जनसेवा के प्रति संवेदनशीलता, तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में आमजन को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अधिवक्ता को फोन पर मिली जान से मारने की धमकी, वकीलों में भारी आक्रोश

**पट्टी।** स्थानीय तहसील में कार्यरत एक अधिवक्ता को मोबाइल फोन पर जान से मारने की धमकी मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में वकीलों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।बीबीपुर गांव निवासी अधिवक्ता रोशन सिंह गुरुवार दोपहर तहसील परिसर में अपने काम में व्यस्त थे। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दोपहर में उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। जैसे ही उन्होंने फोन रिसीव किया, सामने वाले ने पहले उनका नाम पूछा और पुष्टि होने के बाद अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगा। जब अधिवक्ता ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उन्हें सरेआम गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी और फोन काट दिया। अधिवक्ता रोशन सिंह के साथ हुई इस बदसलूकी और धमकी की खबर जैसे ही तहसील परिसर में फैली, वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ता एकजुट होकर सीधे पट्टी कोतवाली पहुंचे। वकीलों ने साथी अधिवक्ता की सुरक्षा पर गहरी चिंता जताई और चेतावनी दी कि यदि आरोपी को जल्द न दबोचा गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।इस संबंध में पट्टी कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि अधिवक्ता की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाया जा रहा है। गहनता से जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 11 जुलाई तक मौसम का अलर्ट, मेघगर्जन, वज्रपात और तेज हवाओं की चेतावनी

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) आदित्य कुमार प्रजापति ने मौसम विभाग द्वारा जारी पूवार्नुमान के मद्देनजर जनपद में आगामी दिनों के दौरान मेघगर्जन, वज्रपात, तेज आंधी और भारी वर्षा की संभावना को देखते हुए अलर्ट जारी किया है। उन्होने आमजन से सतर्क रहने तथा मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करने की अपील की है। उन्होने बताया है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) लखनऊ द्वारा जारी चेतावनी के तहत जनपद प्रतापगढ़ में 08 जुलाई से 11 जुलाई तक सक्रिय मानसूनी परिस्थितियों के कारण मेघगर्जन, वज्रपात, तेज हवाएं तथा कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। इस दौरान हवा की गति 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा तथा झोंकों के साथ 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। उन्होने बताया कि 08 जुलाई से 11 जुलाई तक जिले को येलो जोन में रखा गया है।

उन्होने बताया है कि यदि आप खुले में हो तो शीघ्रातिशीघ्र किसी पक्के मकान में शरण लें, व्यर्थ की यात्रा से बचें, खिड़कियों, दरवाजे, बरामदे एवं छत से दूर रहे, ऐसी वस्तुएं जो बिजली की सुचालक हैं, उनसे दूर रहें। बिजली के उपकरणों या तार के साथ संपर्क से बच्चे व बिजली के उपकरणों को विजली के संपर्क से हटा दें। तालाब और जलाशयों से भी दूरी बनाये रखें। समूह में न खड़े हो, बल्कि अलग-अलग खड़े रहें। यदि आप जंगल में हो तो बोने एवं घने पेड़ों के शरण में चले जायें। बाहर रहने पर धातु से बनी वस्तुओं का उपयोग न करें। बाइक, बिजली या टेलीफोन का खंभा, तार की बाड़, मशीन आदि से दूर रहें। धातु से बने कृषि यंत्र-डंडा आदि से अपने को दूर कर दें। आसमानी बिजली के झटके से घायल होने पर पीड़ित व्यक्ति को तत्काल नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र लें जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। स्थानीय रेडियों अन्य संचार साधनों से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें। यदि आप खेत खलिहान में काम कर रहे हो और किसी सुरक्षित स्थान की शरण न ले पायें हो तो जहां हैं यहीं रहें, हो सके तो पैरों के नीचे सूखी चीजें से जैसे लकड़ी, प्लास्टिक, बोरा या सूखे पत्ते रख लें तथा यथाशीघ्र सुरक्षित स्थान पर शरण लें, दोनो पैरों को आपस में सटा लें एवं दोनों हाथों से कानों को बंद कर अपने सिर को जमीन की तरफ यथा संभव शरीर को झुका लें तथा सिर को जमीन से न सटाए, जमीन पर कदापि न लेटें, ऊंचे इमारत वाले क्षेत्रों में शरण नहीं लें। साथ ही बिजली एवं टेलीफोन के खंभों के नीचे कदापि शरण नहीं लें, क्योंकि ऊंचे वृक्ष, ऊंची इमारते एवं टेलीफोनध्बिजली के खम्भे आसमानी बिजली को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। पैदल जा रहे हो तो धातु की डंडी वाले छातों का उपयोग न करें। यदि घर में हों तो पानी का नल, फ्रिज, टेलीफोन आदि को न छुए। एडवाइजरी में कहा गया है कि बिजली गिरने की घटनाओं से बचाव के लिए सचेत एवं दामिनी मोबाइल ऐप को अनिवार्य रूप से डाउनलोड करें, जिससे मौसम संबंधी पूर्व चेतावनी समय रहते प्राप्त हो सके और संभावित क्षति को कम किया जा सके।

## जमीन विवाद में युवती के अंतिम संस्कार को लेकर बना तनाव, पुलिस के समझाने पर माने

**प्रतापगढ़।** जमीन विवाद के चलते युवती के शव के अंतिम संस्कार को लेकर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने पर मामला शान्त हो सका। उदयपुर थाना क्षेत्र के खानीपुर पूरे कुशही निवासी मंगल सरोज की पुत्री पूजा सरोज का बीमारी के चलते चण्डीगढ़ के पीजीआई अस्पताल में निधन हो गया। परिजन शव को लेकर बुधवार को गांव पहुंचे और गांव में ही अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। इसी बीच आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग पहुंचे और जमीन का विवाद होने के चलते वहां अंतिम संस्कार करने से मना करने लगे। इससे तनाव की स्थिति बन गयी। जानकारी होने पर पुलिस पहुंची और समझा बुझाकर दोनों पक्ष को शांत कराया। इसके बाद अंत्येष्टि के लिए स्थान को चिन्हित कराकर शव का शांतिपूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार कराया। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि विवादित जमीन पर शव के अंतिम संस्कार को लेकर तनावपूर्ण स्थिति बनी थी लेकिन समझा बुझाकर शांतिपूर्ण ढंग से अंतिम संस्कार करा दिया गया।

# पट्टी में सड़क किनारे कूड़ा डंप धुएं से ग्रामीण परेशान



**पट्टी।** नगर पंचायत पट्टी की ओर से सड़क किनारे कूड़ा डंप किए जाने और उसमें आग लगने से उठ रहे धुएं से ग्रामीणों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मामला बृहस्पतिवार सुबह बताया जा रहा है। आसपुर देवसरा मार्ग पर मिनी स्टेडियम और इंडियन गैस एजेंसी के समीप बड़ी मात्रा में कूड़ा डंप होने से क्षेत्र में बदबू और धुएं का गुबार फैल गया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा कूड़े का निस्तारण धौरहरा स्थित मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर पर कराने के बजाय सड़क किनारे डंप किया जा रहा है। इससे पर्यावरण प्रदूषण बढ़ रहा है और आसपास के ग्रामीणों के साथ राहगीरों को भी सांस लेने में दिक्कत हो रही है। लोगों का कहना है कि गैस एजेंसी के पास कूड़ा जलना किसी बड़े हादसे की आशंका भी पैदा करता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क किनारे कूड़ा फेंकने और खुले में जलाने की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जब पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ कार्रवाई होती है, तो सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा जलाने वालों पर भी समान नियम लागू होने चाहिए। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। कूड़े का निस्तारण उचित स्थान पर कराया जाएगा, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से किशोर घायल, सीएचसी में भर्ती

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी एक किशोर गुरुवार शाम करीब 5 बजे बाइक से पृथ्वीगंज बाजार जा रहा था। इसी दौरान पट्टीद्दपृथ्वीगंज मार्ग पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की पहचान हलीम (17) पुत्र मोहम्मद मोबीन, निवासी रायपुर, थाना पट्टी के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसे तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी पहुंचाया। सीएचसी के चिकित्सक डॉ. के. सी. प्रसाद ने बताया कि हलीम को गंभीर चोटें आई हैं और उसका उपचार अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वकीलों को भी दिया जाए कैशलेस हेल्थ बीमा

**प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में गुरूवार को हुई अधिवक्ताओं की बैठक में सरकार से शिक्षकों व कर्मचारियों की भांति वकीलों को भी कैशलेस हेल्थ बीमा योजना से जोड़ने की आवाज उठायी है। बैठक को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य की सरकारें अधिवक्ताओ की सुरक्षा के साथ कल्याणकारी योजनाओं के प्रबंधन में भी भेदभाव कर रही है। उन्होने कहा कि सरकार ने प्रदेश के शिक्षकों व शिक्षामित्रों के साथ कर्मचारियों तक को कैशलेस हेल्थ बीमा योजना से लाभान्वित किया है। इसके बावजूद अधिवक्ताओं को न तो प्रोटेक्शन एक्ट दिया जा रहा है और न ही उनसे जुड़ी चिकित्सीय सुविधा समेत कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाया जा रहा है। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश तथा संचालन प्रदेश प्रभारी विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर बेनीलाल शुक्ल, शिव नारायण शुक्ल, संजय सिंह, सुमित त्रिपाठी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, शिवप्रसाद यादव, विपिन शुक्ल, राम अभिलाष यादव, जितेन्द्र कनौजिया, राहुल मिश्र, मो0 असलम, प्रभाकर पाल, गीता सिंह, आभा त्रिपाठी, रमेश पाण्डेय, विजय प्रकाश मिश्र, शैलेन्द्र शुक्ला, अमरनाथ यादव, प्रदीप सिंह, बीडी पटेल, दिनेश सिंह, केबी सिंह आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा चालक पर बेलचे से हमला पुलिस से लगाई न्याय की गुहार




**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के कुम्हिया मोहल्ला निवासी मुन्ना पुत्र रईस ने एक दुकानदार पर मारपीट और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने गुरुवार सुबह पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

मुन्ना के अनुसार, गुरुवार सुबह करीब 9 बजे वह नगर स्थित अर्चना हॉस्पिटल में मरीज को छोड़ने जा रहा था। इसी दौरान कस्बे के चैक पर सामने से बस आने के कारण वह अपना ई-रिक्शा पीछे कर रहा था। बैक करते समय ई-रिक्शे का एक पहिया सड़क किनारे गड्ढे में चला गया। आरोप है कि इसे देखकर पास का एक दुकानदार गाली-गलौज करने लगा और देखते ही देखते दुकान में रखा बेलचा उठाकर उस पर हमला कर दिया। हमले में मुन्ना के हाथ सहित शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं। घटना के बाद घायल ने सुबह करीब 10 बजे पट्टी कोतवाली पहुंचकर नामजद तहरीर दी और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। कस्बा प्रभारी प्रशांत कटियार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशासनिक लापरवाही दो पक्षों में खून खराबा दर्जनों लहुलुहान

**जमीनी विवाद निस्तारण करने की बयान बाजी करते रह गए अधिकारी**

**नगर पंचायत चरवा अध्यक्ष समेत 27 लोगों पर हमला करने का आरोप**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र में एक बार फिर जमीनी विवाद के मामले में बड़ी प्रशासनिक लापरवाही उजागर हुई है कई महीने से थाना समाधान दिवस से लेकर तहसील समाधान दिवस और अधिकारियों की चौखट पर शिकायती प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद जमीनी विवाद का निस्तारण अधिकारी नहीं कर सके हैं केवल टीम बनाकर निस्तारण करने का निर्देश देने तक अधिकारी सीमित रह गए हैं जिसका नतीजा गुरुवार को देखने को मिला और दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया है एक पक्ष मौके पर जमीन कब्जा करने पहुंच गया तो दूसरा पक्ष कब्जा रोकने पहुंच गया दोनों पक्ष से कई दर्जन लोग लाठी डंडा कुल्हाड़ी लेकर मौके पर पहुंच गए और एक दूसरे पक्ष पर प्राण घातक हमला कर दिया है किसी पक्ष के कम लोगों को चोट आई है तो किसी पक्ष के अधिक लोगों को चोटें आई हैं दोनों पक्ष से दजर्नों लोग घायल हैं मामले में थाना पुलिस को दोनों पक्ष के लोगों ने तहरीर दी है नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष जग नारायण सहित 27 लोगों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी गई है लेकिन सवाल उठता है कि जमीन के विवाद का निस्तारण करने के लिए लगातार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निर्देश दे रहे हैं और प्रत्येक सप्ताह समाधान दिवस का आयोजन होता है जहां अधिकारी भी उपस्थित होते हैं तो फिर जमीन के विवाद का



निस्तारण कैसे नहीं हो सका है समाधान दिवस में पहुंचने वाले अधिकारी क्या करते रह गए हैं अधीनस्थ कमर्चारी और पुलिस के जवानों पर अधिकारी अधिक भरोसा कर गए हैं जिसका नतीजा देखने को मिला है इस मामले में किस अधिकारी का दोष है या फिर केवल जमीन के विवाद के निस्तारण की जिम्मेदारी लेखपाल और सिपाही की है अधिकारियों की कोई जिम्मेदारी नहीं है यदि अधिकारियों ने समय रहते जमीन के विवाद को गंभीरता से लिया होता तो खून खराबा को रोका जा सकता था लेकिन अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया जो पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है

नगर पंचायत चरवा के पूर्व थोक पानी टंकी के पास सड़क पर कीमती जमीन है जिसमें आगे पीछे की जमीन के बंटवारे को लेकर परिवार में विवाद है लेकिन कई महीने बाद भी इस विवाद का निपटारा नहीं हो सका है अनीता देवी वा सविता देवी के परिवार के मध्य गुरुवार को जमीन कब्जे के लेकर विवाद शुरू हुआ जिसमें देखते-देखते लाठी डंडा कुल्हाड़ी से लैस होकर लोग पहुंच गए और एक दूसरे पर हमला शुरू कर दिया दिनदहाड़े एक दर्जन से अधिक लोगों ने जमीन पर निर्माण शुरू कर दिया जब जमीन निर्माण का दूसरे पक्ष ने विरोध किया तो उस पर लाठी डंडा कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला किया गया हो हल्ला सुनकर परिवार के अन्य लोग भी पहुंचे उनका भी मारा पीटा गया है जिसका सोशल मीडिया में वीडियो भी वायरल हो रहा है थाने से कुछ दूरी पर दिनदहाड़े खूनी संघर्ष हुआ लेकिन समय रहते पुलिस नहीं पहुंची है हमले में दोनों पक्षों के दजर्नों लोग घायल हो गए हैं मामले की सूचना पुलिस को दी गई है पुलिस ने नगर पंचायत चरवा के अध्यक्ष जग नारायण और उनके समथर्कों को पर हमला करने का आरोप है लेकिन सवाल उठता है कि दबंगों के हौसले दिन दहाड़े जमीन पर कब्जा करने का कैसे बना है पर्दे के पीछे किस नेता किस अधिकारी और किस पुलिसकमी का संरक्षण प्राप्त था जो बड़ी जांच का विषय है यदि समय रहते पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया होता तो खूनी संघर्ष रोका जा सकता था और यदि अभी भी इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया तो मामले में आगे कुछ भी हो सकता है

# आवारा सांड के हमले में युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गरई गांव में आवारा सांड के हमले से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया, जबकि सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गरई गांव निवासी राममिलन पुत्र स्वगीय सुखराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके बहनोई रामकुमार पुत्र प्यारे लाल,निवासी जरौही जनपद बांदा 7 जुलाई को उनके घर एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। बुधवार 8 जुलाई की देर शाम 9 बजे वह शौच के लिए गांव के बाहर जंगल की ओर गए थे। लौटते समय अचानक एक आवारा जंगली सांड ने उन पर हमला कर दिया।बताया गया कि सांड के हमले से रामकुमार की गर्दन में गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी।सूचना पर पहुंची सैनी कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ते आवारा पशुओं के आतंक पर चिंता जताते हुए प्रशासन से प्रभावी व्यवस्था करने की मांग की है।





# गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ साथ बच्चों को संस्कार भी प्रदान करें शिक्षक : आयोग सदस्य

**मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ, शिक्षकों को मिले कैशलेस हेल्थ कार्ड**

**कौशांबी** उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग सदस्य राजेश सिंह सेंगर,जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर एवं विधायक चायल पूजा पाल ने उदयन सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग, सदस्य जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विधायक चायल ने शिक्षकों-अनिल कुमार सिंह,राम बाबू दिवाकर,विनय कुमार सिंह,ओमदत्त त्रिपाठी, विपिन कुमार,विभा सिंह,नीरज शुक्ला,सोनी केशरवानी,अनंत कुमार सिंह,आशीष शुक्ला,राकेश कुमार,मोहम्मद अयूब सिद्दीकी व धर्मेश कुमार मिश्रा को प्रतीकात्मक रूप से कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान किया।उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग सदस्य ने भारत का भविष्य गढ़ने वाले शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सौभाग्यशाली हैं कि आप शिक्षक हैं।शिक्षक देश का आधार होता है।शिक्षक राष्ट्र का निर्माता है।शिक्षक समाज का दर्पण होता है।उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की है कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही साथ बच्चों को संस्कार भी प्रदान करें तथा उनमें राष्ट्रभावना भी जागृत करें।उन्होंने कहा कि. प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया है। यह शिक्षकों के सहयोग से ही संभव है,शिक्षकों के सहयोग से देश को 2047 तक विकसित बनाया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ ही बच्चों से नवाचार भी कराया जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार शिक्षकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना




शिक्षकों एवं उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है विधायक चायल पूजा पाल ने मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना की शुरुआत करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने प्रदेश में शिक्षा एवं शिक्षकों के हित में अनेक कल्याणकारी कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों को यूनिफॉर्म,जूता-मौजा आदि के लिए उनके अभिभावकों के खातों में रूपये-1200 हस्तांतरित किया गया। मुख्यमंत्री का वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया तथा उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना।मुख्यमंत्री ने एक करोड़ 10 लाख बच्चों के अभिभावकों के खाते में रूपये 1200-1200 हस्तांतरित किया,जिसमें जनपद कौशांबी के 01 लाख 19 हजार 641 बच्चों के अभिभावकों के खाते में रूपये 1200-1200 हस्तांतरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल, मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी,जिला विद्यालय निरीक्षक एल0बी0 मौर्य एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# डीएम ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की सुनी समस्याए

**छूटे हुए सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने के जिलाधिकारी ने दिए अधिकारियों को निर्देश**

**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने गुरुवार को गॉव की समस्या,गॉव में समाधान के अन्तर्गत विकास खण्ड कौशाम्बी की ग्राम-म्योहर में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित किया जाए। उनके द्वारा नजदीकी सामुदायिक/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने पर ग्रामवासियों ने बताया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं







मिल रही हैं। उन्होंने ए.एन.एम. से गांव में एच.आर.पी. महिलाओं की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि इन पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी को आवश्यक दवाओं एवं एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से ग्राम में सैम बच्चों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र अवश्य भती कराया जाए। उन्होंने नायब तहसीलदार को नए आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया एवं बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया ग्राम चौपाल में ग्रामवासियों ने बताया कि कहीं-कहीं पर जल-जमाव हो गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को निर्देशित किया कि जल-जमाव की निकासी कराई जाए। ग्राम चौपाल में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी देकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कमियां मिलने पर जिलाधिकारी सख्त,बीएसए व खण्ड शिक्षाधिकारियों को दिए सुधार के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने गुरुवार को वर्चुअली बैठक कर बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की।जिलाधिकारी ने विगत दिनों महिला अधिकारियों के माध्यम से कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का कराए गए आकस्मिक निरीक्षण में व्यवस्थाएं एवं शिक्षा की गुणवत्ता संतोषजनक न पाए जाने पर कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि पाई गई कमियों को शीघ्र ठीक कराया जाए,आगामी निरीक्षण में कमी पाए जाने पर संबंधित खण्ड शिक्षाधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी एवं सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों से कहा कि सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति बढ़ाई जाए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर एवं हॉस्टल में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था एवं शौचालय की बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित बनाएं रखी जाए।

आरओ एवं सीसीटीवी कैमरा क्रियाशील रहे। परिसर एवं हॉस्टल की बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित बनाएं रखी जाए। शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले कार्य में शिथिलता बरतने वाले खण्ड शिक्षा अधिकारियों शिक्षकों/वार्डेन लेखाकार के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

## न्यूज झरोखा

### बालिका ने लगाई फांसी हुई मौत, डायल 112 को दी घटना की सूचना मामला थाना कोखराज के बालकमऊ का



**भरवारी कौशांबी** थाना कोखराज अंतर्गत सिंघिया पुलिस चौकी क्षेत्र के बालक मऊ मे एक छात्रा ने फांसी लगा ली है फांसी लगाने से बालिका की मौत हो गई है बालिका की मौत की जानकारी मिलते ही गांव के लोगों की भीड़ लग गई है सूचना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बालक मऊ निवासी कुमारी रिया पटवा उम्र 16 वर्ष पुत्री अविनाश चंद्र पटवा बालक मऊ स्थित श्यामा शेखर इंटर कॉलेज में नवीं की छात्रा थी 'इसके घर वालो ने बालिका की सगाई भी तय कर दी थी 'इसके कुछ माह पूर्व सितंबर में गांव के ही लड़के अभिषेक के साथ भाग गई थी 'कुछ दिनों के बाद पुलिस ने बरामद कर न्यायालय भेजा था उसके बाद घर वालो को सुपुर्द की गई थी गुरुवार को लगभग 5 बजे रिया ने फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया घटना की जानकारी घर वालो ने डायल 112 को दी मौके पर पुलिस पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मॉर्टम के लिए भेज दिया '


### राजकीय हाई स्कूल राला में विद्यालय प्रबंध समिति का हुआ गठन




**कोखराज कौशांबी** सिराथू तहसील क्षेत्र के राला स्थित राजकीय हाई स्कूल में गुरुवार को विद्यालय प्रबंध समिति का गठन हुआ है प्रबंध समिति में लव कुश अध्यक्ष बनाए गए हैं हैदर रिजवी उपाध्यक्ष बनाए गए हैं श्रीमती कुसुम व श्रीमती को सदस्य पद पर चयन किया गया है प्रबंध समिति की जिम्मेदारी विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था की गुणवत्ता में सुधार करना स्कूल से बच्चों के शिक्षा छोड़ने पर रोक लगाना समग्र शिक्षा और शिक्षा नीति के तहत बच्चों को शिक्षित करना समिति का उद्देश्य है इस मौके पर प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रतिभा रानी शर्मा। सहायक शिक्षिका श्रीमती शोभा सिंह श्रीमती अचर्ना मौर्य श्रीमती अचर्ना सहायक शिक्षक श्री नरपजीत सिंह सचान साहित तमाम लोग मौजूद रहे

### 8 भैंस वा 8 बकरी उठा ले गए चोर ट्रैक्टर चोरी का प्रयास

**आखिर क्या चोरों पर प्रशासन का नहीं रहा खौफ चाकवन चौराहे व थाना के ईद गिर्द गश्त के वावजूद चोरों का नहीं टूट रहा हौसला**




**कोखराज कौशांबी** सिराथू तहसील के कोखराज थाना अन्तर्गत कोखराज ग्राम के निवासी अशोक कुमार मौर्य पुत्र स्व. शिवराज मौर्य के घर पर लगे गेट का ताला तोड़ कर चोरों ने 2 भैंस व 8 बकरी अज्ञात चोरों ने चोरी कर उठा ले गए पशुपालक के काफी खोज बीन करने के बाद भी जानवरों का पता नहीं चल पाया ट्रैक्टर के कमरे का टूटा ताला खेत में पडा. मिला है स्थित देखकर लगता है कि चोरों की ट्रेक्टर भी लूटने की मंशा थी पीड़ित ने थक हार कर अपनी यहाँ हुईं चोरी की जानकारी की अप्लीकेशन थाना में देकर उचित कार्यवाही करने की फरियाद लगाई थाना प्रभारी ने चोरों को खोजकर सख्त कार्यवाही का अश्वासन दिया।

### घटतौली और राशन वितरण में हेरा फेरी पर कोटे की दो दुकान निलंबित

**कौशांबी** राशन कार्ड धारकों को राशन वितरण किए जाने पर कोटेदारो द्वारा घटतौली की जा रही थी राशन वितरण में हेरा फेरी पर कोटे की दो दुकान की जिला पूर्ति अधिकारी ने जांच कराई जांच में आरोप सही पाए गए जिस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने कोटे की दो दुकान को निलंबित कर दिया जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय द्वारा बताया गया कि विकास खण्ड नेवादा के गोविन्दपुर उचित दर विक्रेता द्वारा वितरण में अनियमितता की शिकायत हुई। शिकायत की जांच पूर्ति निरीक्षक,नेवादा ने की । जांच में विक्रेता द्वारा आवश्यक वस्तुओं के वितरण घटतौली किये जाने की शिकायत पायी गई। जिसके क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी कौशाम्बी द्वारा दिनांक 04.07.2026 को निलम्बित कर दिया गया है।जनपद में ग्राम पंचायत शाना नीवी विकास खण्ड चायल के उचित दर विक्रेता द्वारा काडर्धारकों को खाद्यान्न न दिये जाने की शिकायत हुई।शिकायत की जांच पूर्ति निरीक्षक चायल ने की। जांच में विक्रेता द्वारा काडर्धारकों को अंगूठा लगाकर राशन न देने व आवश्यक वस्तुओं के वितरण घटतौली किये जाने की शिकायत पायी गई। जिसके क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा दिनांक 09. 07.2026 को निलम्बित कर दिया गया है।

### ग्राम चक सैयद अलीपुर में भूमि विवाद की शिकायतों का एसडीएम ने मौके पर कराया निस्तारण

**कौशांबी** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी,मंझनपुर आकाश सिंह ने आज ग्राम चक सैयद अलीपुर में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया गया। कैम्प में शिकायतकर्ता बबलू विश्वकर्मा की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम की गाटा संख्या 169, चकमार्ग की पैमाइश कर चिन्हित किया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता नत्थू की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम की गाटा संख्या 172, नाली की पैमाइश कर चिन्हित किया। शिकायतकर्ता परमेश कुमार की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम की गाटा संख्या 75, नवीन परती भूमि की पैमाइश कर चिन्हित किया।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए

# ग्राम प्रधान की अनदेखी से अषाढ़ा गांव की सफाई व्यवस्था बेपटरी

**जीपीएस फोटो खींचकर लौट जाते हैं सफाईकमी**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर विकास खंड क्षेत्र के अषाढ़ा गांव में ग्राम प्रधान की अनदेखी और सफाईकमिर्यों की मनमानी के चलते सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में तैनात सफाईकमी नियमित सफाई करने के बजाय केवल जीपीएस आधारित उपस्थिति दर्ज कराने के लिए फोटो खींचते हैं और बिना सफाई किए लौट जाते हैं। इससे गांव में जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा है और लोगों को दुर्गंध व संक्रामक बीमारियों का खतरा सता रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सफाईकमी करीब दो-दो महीने में एक बार गांव पहुंचते हैं। कभी नालियों की सफाई कर भी देते हैं तो उसमें से निकाला गया कचरा कई दिनों तक नालियों के किनारे ही पड़ा रहता है। उसे उठाकर निस्तारित नहीं किया जाता, जिससे बारिश होने पर वही कचरा दोबारा नालियों में भर जाता है और जल निकासी बाधित हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की कचरा संग्रहण गाड़ी गांव तक तो आती है, लेकिन नालियों से निकला कचरा और सार्वजनिक स्थानों पर फैली गंदगी नहीं उठाई जाती। नतीजतन पूरे गांव में गंदगी फैली हुई है और लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई







बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि ग्राम प्रधान की उदासीनता के कारण सफाई व्यवस्था पर कोई निगरानी नहीं है, जिससे सफाईकमी मनमानी कर रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से गांव में नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने, नालियों से निकले कचरे का समय पर निस्तारण कराने तथा लापरवाही बरतने वाले सफाईकमिर्यों और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण अनुज कुमार ने बताया कि उन्होंने कई बार गांव में तैनात सफाईकमी से नियमित सफाई करने के लिए कहा, लेकिन कोई असर नहीं हुआ। उनका कहना है कि अषाढ़ा गांव में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप है, जिससे ग्रामीणों को गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं।अगर इसे और ज्यादा अखबारी अंदाज में चाहिए, तो मैं वह भी लिख सकता हूँ ग्रामीण कमलेश कुमार ने बताया कि सफाई कमी गांव में आते तो हैं, लेकिन केवल जीपीएस के लिए फोटो खींचकर लौट जाते हैं। उनका आरोप है कि पिछले पांच वर्षों से यही स्थिति बनी हुई है और नियमित सफाई नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कैलाश बाबू ग्रामीण ने बताया कि उन्होंने कई बार सफाई कमिर्यों से कूड़ा हटाने और फेंकने के लिए कहा, लेकिन उनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद कूड़ा नहीं हटाया गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# लाखों की लागत से बना अमृत सरोवर उपेक्षा का शिकार गंदगी और बदहाल व्यवस्था से ग्रामीण परेशान

**अषाढ़ा गांव में 2022 में हुआ था अमृत सरोवर का निर्माण अधूरे कार्य और सफाई व्यवस्था पर उठे सवाल!**

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के अषाढ़ा गांव स्थित अमृत सरोवर इन दिनों बदहाली और उपेक्षा का शिकार बना हुआ है। वर्ष 2022 में अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब का विकास कार्य कराया गया था, लेकिन वतर्मान में यहां चारों ओर गंदगी फैली हुई है और पहुंच मार्ग भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तालाब की सुरक्षा के लिए लगाए गए केवल पिलर ही दिखाई देते हैं, जबकि चारों ओर तारबंदी आज तक नहीं कराई गई। इससे पशुओं का आवागमन बना रहता है और तालाब परिसर की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी अमृत सरोवर में हर वर्ष दुर्गा प्रतिमा विसर्जन सहित अन्य धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित होते हैं। इसके बावजूद तालाब की नियमित साफ-सफाई और रखरखाव पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गंदगी के कारण श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को



परेशानी उठानी पड़ती है।ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अमृत सरोवर के रखरखाव की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से तालाब की सफाई, टूटी सड़क की मरम्मत, चारों ओर तारबंदी और अन्य अधूरे कार्य जल्द पूरा कराने की मांग की है, ताकि अमृत सरोवर अपनी मूल उपयोगिता के अनुरूप विकसित हो सके।ग्रामीण शिव सिंह राजपूत ने कहा कि वर्ष 2022 में अमृत सरोवर का निर्माण तो कराया गया लेकिन आज तक इसकी मूलभूत सुविधाएं पूरी नहीं हो सकीं। उन्होंने कहा कि सरोवर तक जाने वाली सड़क जर्जर है, घूमने-फिरने और बैठने जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। उनके अनुसार ग्राम प्रधान की लापरवाही के कारण चार वर्ष बाद भी अमृत सरोवर की स्थिति बदहाल बनी हुई है और इसकी देखरेख पर ध्यान नहीं दिया जा रहा।राजा ग्रामीण ने बताया कि अमृत सरोवर पर विसर्जन मेले के दौरान दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं लेकिन फैली गंदगी और बदहाल व्यवस्था देखकर लोग यहां रुकना भी पसंद नहीं करते।उन्होंने प्रशासन से अमृत सरोवर की नियमित साफ-सफाई और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो

# सिंधिया राजघराने के संपत्ति विवाद में समझौते को फिर लगी तारीख

● 40 हजार करोड़ की संपत्तियों से जुड़े मामले में रिकॉर्ड नहीं पहुंचने से सुनवाई 20 जुलाई तक टली

अखंड भारत संदेश



**ग्वालियर।** सिंधिया राजघराने की करीब 40 हजार करोड़ रुपए मूल्य की संपत्तियों से जुड़े बहुचर्चित पारिवारिक विवाद के समाधान की दिशा में चल रही प्रक्रिया को बुधवार को एक बार फिर झटका लगा। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा उनकी बुआओं वसुंधरा राजे, यशोधरा राजे सिंधिया और ऊषा राजे सिंधिया के बीच हुए आपसी समझौते को न्यायालय की विधिक स्वीकृति नहीं मिल सकी। आवश्यक अभिलेख उपलब्ध नहीं होने के कारण अदालत ने सुनवाई *20 जुलाई* तक स्थगित कर दी।ग्वालियर की अष्टम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विशाल अखंड की अदालत में समझौते की औपचारिक प्रक्रिया पूरी होनी थी। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी राजीनामे को विधिक मान्यता देने से पहले संबंधित मूल अभिलेखों का परीक्षण आवश्यक है। रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण अदालत ने फिलहाल कोई आदेश पारित नहीं किया।

**रिकॉर्ड को लेकर बनी चर्चा :**

न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों में विवादित चल एवं अचल संपत्तियों का विस्तृत विवरण शामिल बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, संवेदनशील संपत्तियों के ब्यौरे को सार्वजनिक न्यायिक रिकॉर्ड का हिस्सा बनने से बचाने को लेकर भी चर्चाएं हैं। हालांकि, इस संबंध में किसी भी पक्ष की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

**देश के चर्चित संपत्ति विवादों में शामिल मामला :**

करीब चार दशक से लंबित यह मामला देश के सबसे चर्चित पारिवारिक संपत्ति विवादों में माना जाता है। विवाद में जयविलास पैलेस, माधव विलास पैलेस, हैप्पी विलास, जॉर्ज कैसल, कालियादेह पैलेस, ग्वालियर हाउस, राजपुर रोड स्थित संपत्तियां, पद्म विलास पैलेस (पुणे), सिंधिया घाट, गोवा स्थित विठोबा मंदिर सहित कई ऐतिहासिक और व्यावसायिक परिसंपत्तियां शामिल हैं।

**जयविलास पैलेस पर सबसे अधिक नजर :**

सूत्रों के अनुसार, प्रस्तावित समझौते में सबसे महत्वपूर्ण विषय ग्वालियर स्थित ऐतिहासिक जयविलास पैलेस का स्वामित्व है। चर्चा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया इस संपत्ति का पूर्ण स्वामित्व अपने पास रखना चाहते हैं, जबकि अन्य संपत्तियों के पुनर्वितरण के माध्यम से परिवार के अन्य सदस्यों के दावों का समाधान किए जाने की संभावना है। हालांकि, समझौते की शर्तों को लेकर अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

**1988 से न्यायालय में लंबित है विवाद :**

संपत्ति विवाद की शुरुआत वर्ष 1988-89 में हुई थी। उस समय स्वगीय माधवराव सिंधिया जीवित थे। बाद में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने स्वयं को कई संपत्तियों का वैधानिक उत्तराधिकारी बताया। इसके बाद वसुंधरा राजे, यशोधरा राजे और ऊषा राजे ने भी पैतृक संपत्ति में समान अधिकार का दावा करते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। मामला लंबे समय से जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय में विभिन्न स्तरों पर विचाराधीन है।

न्यायालय पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि ग्वालियर जिला न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर स्थित संपत्तियों के स्वामित्व या बंटवारे पर वह कोई आदेश नहीं देगा। ऐसे मामलों का समाधान संबंधित पक्षों की आपसी सहमति के आधार पर ही किया जाएगा।



## शिवपुरी हवाई पट्टी के पास पानी में मिला अज्ञात शव, क्षेत्र में फैली सनसनी

**सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस, पहचान के प्रयास जारी; पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा मौत के कारणों का खुलासा**

**शिवपुरी।** शहर की हवाई पट्टी के समीप पानी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से शुक्रवार को क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव दिखाई देने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही उसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। प्रारंभिक जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं सके हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत किन परिस्थितियों में हुई। इसके बाद जांच की दिशा तय की जाएगी। फिलहाल पुलिस ने मामला जांच में लेकर आसपास के क्षेत्र में भी पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक की पहचान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी जमीन पर कब्जा कर चल रहा ढाबा ढहाया

भैया होटल का किचन-डाइनिंग सील, अवैध शराब, घरेलू सिलेंडर और जेसीबी-डंपर जब्त

अखंड भारत संदेश





**शिवपुरी।** जिले के ककरवाया गांव में प्रशासन ने बुधवार को शासकीय भूमि पर अतिक्रमण और विभिन्न विभागीय नियमों के उल्लंघन के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान सरकारी जमीन पर संचालित एक अवैध ढाबे को ध्वस्त कर दिया गया, जबकि भैया होटल के किचन और डाइनिंग हॉल को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध शराब, घरेलू एलपीजी सिलेंडर तथा अवैध खनन में इस्तेमाल हो रही जेसीबी, डंपर और ट्रॉली भी जब्त की गई। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर एसडीएम आनंद सिंह राजावत के नेतृत्व में राजस्व, आबकारी, खाद्य, खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने होटल परिसर में जांच की। निरीक्षण के दौरान कई विभागीय अनियमितताएं सामने आने पर मौके पर ही नियमानुसार कार्रवाई की गई। राजस्व विभाग की जांच में पता चला कि सर्वे नंबर 872/1 की शासकीय भूमि को निजी भूमि बताकर किराए पर दिया गया था। इसी जमीन पर अवैध रूप से ढाबा संचालित किया जा रहा था। भूमि के सरकारी होने की पुष्टि होने पर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाकर ढाबा ध्वस्त कर दिया। मामले में दारासिंह पुत्र बारेलाल परिहार पर 25 हजार रुपये का अथर्दंड भी लगाया गया। आबकारी विभाग की टीम ने होटल परिसर से अवैध शराब बरामद कर जब्त की। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। खाद्य विभाग की जांच में होटल की रसोई में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। मौके से छह घरेलू गैस सिलेंडर, दो व्यावसायिक भट्टियां और पांच किलोग्राम क्षमता का एक गैस सिलेंडर जब्त किया गया। होटल संचालक गैस उपयोग से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद आवश्यक वस्तु अधिनियम और एलपीजी वितरण संबंधी नियमों के तहत प्रकरण दर्ज कर होटल के किचन और डाइनिंग हॉल को सील कर दिया गया। वहीं, खनिज और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध उत्खनन एवं परिवहन में प्रयुक्त एक जेसीबी, एक डंपर और एक ट्रॉली जब्त की गई। संबंधित विभागों ने प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन का कहना है कि शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, अवैध कारोबार और नियमों के उल्लंघन के मामलों में जिलेभर में अभियान जारी रहेगा तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लोहारन डेरा में नाली न होने से सड़क पर जलभराव, आवागमन दूभर

अखंड भारत संदेश



**विजयीपुर फतेहपुर।** विकासखंड विजयीपुर की ग्राम पंचायत रायपुर भसरौल के अंतर्गत स्थित लोहारन डेरा में नाली निर्माण न होने के कारण सड़क पर जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई है। बरसात के मौसम में हालात और अधिक खराब हो जाते हैं। सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है और लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार गांव की मुख्य सड़क पर जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। नाली के अभाव में घरों से निकलने वाला गंदा पानी सीधे सड़क पर बहता है, जिससे सड़क हमेशा कीचड़ और जलभराव से घिरी रहती है। बारिश होने पर यह समस्या और विकराल रूप धारण कर लेती है। कई स्थानों पर पानी इतना अधिक भर जाता है कि पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे स्कूल जाने, बुजुर्गों को अस्पताल पहुंचने और किसानों को खेतों तक जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दोपहिया वाहन चालक फिसलकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कई बार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत, संबंधित अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों से शिकायत की गई। ग्रामीणों ने नाली निर्माण और सड़क की मरम्मत की मांग भी उठाई, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। धरातल पर कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सड़क पर लंबे समय तक गंदा पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। दुर्गंध के कारण आसपास रहने वाले लोगों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई तो बरसात के दौरान स्थिति और गंभीर हो सकती है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विकासखंड के अधिकारियों से मांग की है कि लोहारन डेरा का तत्काल निरीक्षण कराया जाए तथा प्राथमिकता के आधार पर नाली निर्माण और सड़क की मरम्मत कराई जाए। उनका कहना है कि गांव के विकास के लिए मूलभूत सुविधाओं का उपलब्ध होना आवश्यक है और जल निकासी जैसी समस्या का शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए।अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हैं। फिलहाल लोहारन डेरा के लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और उन्हें जलभराव से राहत मिलेगी।

## बस संचालन के नाम पर ले गया वाहन, गुरुग्राम में गिरवी रखने का आरोप; पूर्व ड्राइवर पर धोखाधड़ी का केस

**शिवपुरी।** शहर कोतवाली पुलिस ने एक बस मालिक की शिकायत पर उसके पूर्व ड्राइवर के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि चालक बस संचालन और लोन की मासिक किस्तें जमा करने का भरोसा देकर वाहन अपने साथ ले गया, लेकिन न तो किस्तों का भुगतान किया और न ही बस वापस लौटाई। शिकायतकर्ता का दावा है कि आरोपी बस को हरियाणा के गुरुग्राम में गिरवी रखकर फरार हो गया है। पुलिस के अनुसार सईसपुरा पीपल वाले कुआं निवासी मुकेश खटीक बस संचालन का कार्य करते हैं। उनके नाम पर दो बसें पंजीकृत हैं। करीब 14 महीने पहले उन्होंने अंबाह निवासी संतोष तिवारी को अपनी बस क्रमांक एमएच-18 बीजी-1257 पर चालक के रूप में रखा था। यह बस ग्वालियर-इंदौर मार्ग पर संचालित होती थी। मुकेश ने पुलिस को बताया कि बस से पर्याप्त आय नहीं होने के कारण उसे शिवपुरी बस स्टैंड पर खड़ा कर दिया गया था। 10 जनवरी 2026 को संतोष तिवारी ने बस स्वयं चलाने और उसकी मासिक लोन किस्तें जमा करने का प्रस्ताव रखा। परिचित लोगों की मौजूदगी में विश्वास के आधार पर बस की चाबी उसे सौंप दी गई। दोनों पक्षों के बीच कोई लिखित अनुबंध नहीं किया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी ने एक भी लोन किस्त जमा नहीं की और बस भी वापस नहीं लौटाई। जब भी वाहन मांगा गया, वह अलग-अलग बहाने बनाकर टालता रहा। जून 2026 में उससे आखिरी बार बातचीत हुई, जिसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और वह संपर्क से बाहर है। मुकेश का कहना है कि बाद में जानकारी मिली कि आरोपी बस को गुरुग्राम में किसी व्यक्ति के पास गिरवी रख चुका है। इसके बाद उन्होंने शहर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए बस बरामद कराने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। शिकायत की जांच के बाद शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी संतोष तिवारी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 316(2) के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और बस की बरामदगी के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

# न्यूज झरोखा

## घरों में एक साथ सेंध काटकर जेवर व नकदी चोरी, गांव में दहशत




**विजयीपुर/फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के शहाबपुर गांव में बुधवार देर रात अज्ञात चोरों ने दो घरों में एक साथ सेंध काटकर नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है, जबकि पीड़ित परिवारों ने पुलिस से जल्द खुलासा करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, शहाबपुर गांव निवासी शिवभजन पुत्र शिवमंगल के घर में चोरों ने पीछे की दीवार में सेंध लगाकर प्रवेश किया और कमरे में रखे 15 हजार रुपये नकद, एक सोने की माला, लगभग 200 ग्राम चांदी की पायल तथा छह बिछिया चोरी कर ले गए। वहीं, इसी रात गांव के ही विजयपाल पुत्र मोहन के घर को भी निशाना बनाया गया। चोर यहां से 9 हजार रुपये नकद, दो जोड़ी चांदी की पायल, मंगलसूत्र, बिछिया और नाक की कील लेकर फरार हो गए। सुबह जब परिवार के लोग जागे तो घरों में सामान बिखरा पड़ा मिला और चोरी की जानकारी होते ही हड़कंप मच गया। सूचना पर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। पीड़ितों ने घटना की सूचना किशनपुर पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी किशनपुर योगेश कुमार ने बताया कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## फतेहपुर में लल्लन स्वीट्स भंडार में भीषण आग, शॉर्ट सर्किट से लाखों का सामान जला




**फतेहपुर।** जनपद के थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र स्थित अफोई चौराहे पर लल्लन स्वीट्स भंडार में देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में पूरी दुकान को चपेट में ले लिया। हादसे में दुकान में रखा मिठाई बनाने का सामान, फनीचर, विद्युत उपकरण और अन्य सामग्री जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया जिससे बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस और प्रशासन मामले की जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## एबीवीपी स्थापना दिवस पर सवीदय इंटर कॉलेज असोथर में निबंध प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**फतेहपुर।** अखिल भारतीय विद्याथी परिषद के स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्याथी दिवस के अवसर पर नगर इकाई असोथर द्वारा सवीदय इंटर कॉलेज असोथर में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी लेखन क्षमता और रचनात्मक सोच का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, सामाजिक उत्तरदायित्व और व्यक्तित्व विकास की भावना को बढ़ावा देना था।मुख्य अतिथि फतेहपुर तहसील संयोजक प्रतीक शुक्ला ने कहा कि एबीवीपी छात्र हित के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण के लिए चरित्रवान युवा तैयार करने का कार्य कर रही है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेकर शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर नगर मंत्री धर्मेंद्र सहित अनमोल, प्रशांत और शिवम भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई और भविष्य में भी ऐसे बौद्धिक कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया गया।

## फतेहपुर में 13 जुलाई को लगेगी दिव्यांगजन मोबाइल कोर्ट, मौके पर सुनी जाएंगी शिकायतें

**फतेहपुर।** जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी फतेहपुर ने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 की भावना के अनुरूप सुदूरवती और पिछड़े क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनके साथ होने वाले भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से राज्य आयुक्त कार्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर जनपद में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। यह मोबाइल कोर्ट 13 जुलाई 2026 को विकास भवन सभागार फतेहपुर में सुबह 10 बजे से आयोजित होगी। इसमें दिव्यांगजन समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, पंचायतीराज, बैंकिंग, बिजली, राजस्व सहित अन्य विभागों से संबंधित अपनी शिकायतें और समस्याएं सीधे रख सकेंगे। प्रशासन का उद्देश्य शिकायतों का त्वरित निस्तारण कर दिव्यांगजनों को योजनाओं का लाभ और समाज में पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करना है। जनपद के सभी दिव्यांगजनों से अपील की गई है कि वे अपनी समस्याओं के साथ निर्धारित तिथि और समय पर विकास भवन सभागार में उपस्थित हों।

# सड़क गायब, दलदल हाज़िर! सिलमी के सिटकिहापर में हर कदम पर मुसीबत, ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

अखंड भारत संदेश



**विजयीपुर (फतेहपुर)।** विकास के दावों के बीच विजयीपुर विकास खण्ड की सिलमी ग्राम पंचायत का सिटकिहापर आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लोक निर्माण विभाग (ढहऊ) के अंतर्गत आने वाले इस मार्ग की वर्षों से उपेक्षा की जा रही है। सड़क जर्जर होने के कारण बरसात के मौसम में पूरा रास्ता कीचड़ और जलभराव से भर जाता है, जिससे आमजन का आवागमन बेहद कठिन हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग लंबे समय से मरम्मत और निर्माण की प्रतीक्षा कर रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। बारिश के दौरान स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सड़क पर इतना अधिक पानी भर जाता है कि सड़क और तालाब में अंतर करना मुश्किल हो जाता है। राहगीरों को जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है। स्कूली बच्चों को रोजाना कीचड़ से होकर स्कूल जाना पड़ता है, जबकि महिलाओं और बुजुर्गों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन आए दिन फिसलकर गिर जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। कई ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे और बुजुर्ग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण और जल निकासी की समस्या को लेकर कई बार लोक निर्माण विभाग (PWD), ग्राम पंचायत और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित एवं मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी मौके पर निरीक्षण तक करने नहीं पहुंचे, जिसके कारण समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। सड़क के किनारे जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने से बरसात का पानी लंबे समय तक जमा रहता है। इससे आसपास गंदगी फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते जल निकासी और सड़क निर्माण का कार्य कराया जाता तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग कई गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। इसके बावजूद वर्षों से इसकी अनदेखी की जा रही है। उनका कहना है कि विकास के बड़े-बड़े दावों के बीच सिटकियापर की यह सड़क बदहाल व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर पेश कर रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि लोक निर्माण विभाग तत्काल इस सड़क का सर्वे कराकर पक्की सड़क का निर्माण कराए तथा स्थायी जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करे, ताकि बरसात के दिनों में लोगों को राहत मिल सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण और जल निकासी का कार्य शुरू नहीं कराया गया तो वे लोक निर्माण विभाग और प्रशासन के खिलाफ शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा-6 के लिए 80 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू, 31 जुलाई तक करें आवेदन

**फतेहपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने सत्र 2027-28 के लिए कक्षा-6 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नीता उपाध्याय ने बताया कि विद्यालय में कुल 80 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे। इच्छुक छात्र http://www.navodaya.gov.in पोर्टल पर निःशुल्क आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है और चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 को आयोजित होगी। पात्रता के अनुसार छात्र का शिक्षण सत्र 2026-27 में उसी जनपद के सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा-5 में अध्ययनरत होना जरूरी है और वह उसी जनपद का निवासी हो। अभ्यथी का जन्म 01 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होना चाहिए। यह नियम सभी वर्गों पर लागू है। अधिक जानकारी के लिए नवोदया की आधिकारिक वेबसाइट या जेएनवी सरकंडी, बिन्दकी से संपर्क किया जा सकता है।

## 108 एंबुलेंस के इंतजार में सड़क किनारे प्रसव, तहसीलदार ने सरकारी वाहन से पहुंचाया अस्पताल



**शिवपुरी।** जिले की बैराड़ तहसील में स्वास्थ्य व्यवस्था की एक गंभीर तस्वीर सामने आई, जहां प्रसव पीड़ा से तड़प रही एक जनजातीय महिला को समय पर 108 एंबुलेंस नहीं मिल सकी। मजबूरी में परिजन उसे बाइक से अस्पताल ले जाने निकले, लेकिन रास्ते में ही महिला ने सड़क किनारे नवजात को जन्म दे दिया। सूचना मिलने पर तहसीलदार द्रगपाल सिंह बैस मौके पर पहुंचे और जच्चा-बच्चा को अपनी सरकारी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद मां और नवजात दोनों को स्वस्थ बताया। जानकारी के अनुसार बैराड़ क्षेत्र के राजपुरा (टपरा) गांव निवासी संजू आदिवासी को बुधवार शाम प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी, लेकिन काफी देर तक वाहन नहीं पहुंचा। दर्द बढ़ने पर परिजन बारिश के बीच महिला को बाइक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैराड़ लेकर रवाना हुए। गोन्दोलीपुरा के पास पहुंचते ही महिला की हालत बिगड़ गई और प्रसव पीड़ा असहनीय हो गई। ऐसे में परिजनों को सड़क किनारे रुकना पड़ा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे बैराड़ निवासी धीरज ओझा ने हालात देखकर तहसीलदार द्रगपाल सिंह बैस को सूचना दी। तहसीलदार तत्काल मौके के लिए रवाना हुए, लेकिन उनके पहुंचने से पहले ही रात करीब 8:45 बजे महिला ने सड़क किनारे ही बच्चे को जन्म दे दिया। इसके बाद तहसीलदार ने जच्चा-बच्चा और परिजनों को अपनी सरकारी गाड़ी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जबकि स्वयं बाइक से अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने मां और नवजात का स्वास्थ्य परीक्षण किया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। घटना के बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली और ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि एंबुलेंस समय पर पहुंच जाती तो महिला को सड़क किनारे प्रसव जैसी जोखिमपूर्ण स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। ग्रामीणों ने प्रशासन से दूरस्थ क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# कामदगिरि की परिक्रमा कर मुख्यमंत्री ने मांगी प्रदेश की सुख-समृद्धि



**चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन गुरुवार को भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन कर विधि-विधान से कामदगिरि की परिक्रमा की। इस दौरान उन्होंने जनपद और पूरे प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की। धर्मनगरी में सुबह से ही श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। परिक्रमा मार्ग पर जय श्रीराम और मुख्यमंत्री के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

मुख्यमंत्री ने बरहा हनुमान मंदिर से परिक्रमा की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने रघुवर किशोर मंदिर के दर्शन किए और आगे बढ़ते हुए राम मोहल्ला में संत मदन गोपाल दास से पूजन-अर्चन कराया। प्रथम मुखारविंद पर पुजारी सीताशरण ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्यमंत्री की पूजा संपन्न कराई। भारत मिलाप मंदिर में महंत राम मनोहर दास ने भगवान भरत के चरणचिह्नों का पूजन और आरती कराई। बरहा हनुमान मंदिर में भी मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना की।

कामदगिरि महाआरती स्थल पर आचार्य विपिन विराट ने मुख्यमंत्री के करकमलों से भगवान श्री कामतानाथ की महाआरती कराई। इस अवसर पर उन्हें कामदगिरि का चित्र और रामनामी अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। परिक्रमा के दौरान मुख्यमंत्री का आत्मीय पक्ष भी सामने आया। उन्होंने मार्ग में खड़े बच्चों से बातचीत की, उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और उन्हें ट्रॉफी व चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया। कुछ बच्चों को गोद में उठाकर उन्होंने उनका उत्साहवर्धन भी किया। साथ ही उन्होंने बंदरों और गौवंश को चना और गुड़ खिलाकर जीवों के प्रति संवेदनशीलता का परिचय दिया।

परिक्रमा के बाद मुख्यमंत्री सर्किट हाउस पहुंचे, जहां उन्होंने ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत हरिशंकरी का पौधा लगाया। इसके बाद उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से मुलाकात कर संवाद किया। बांदा रवाना होने से पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

मुख्यमंत्री के साथ राज्य मंत्री बृजेश सिंह, आयुक्त अजीत कुमार, डीआईजी राजेश एस., जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल और भैरव प्रसाद मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि, संत-महात्मा और अधिकारी मौजूद रहे।

# उप कृषि निदेशक ने किया राजकीय बीज भंडार व पीसीएफ केंद्रों का निरीक्षण, बांटे निःशुल्क बीज मिनीकिट



**चित्रकूटः** जिले में उन्नत खेती को बढ़ावा देने और किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण कृषि इनपुट उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में गुरुवार को उप कृषि निदेशक जीतलाल गुप्ता ने राजकीय कृषि बीज भंडारों, पीसीएफ केंद्रों और फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को खरीफ और मोटे अनाज के निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरित किए और स्पष्ट किया कि भविष्य में बिना फॉर्मर रजिस्ट्री के सरकारी योजनाओं, बीज और खाद का लाभ नहीं मिलेगा।

उप कृषि निदेशक ने सबसे पहले राजकीय कृषि बीज भंडार, पहाड़ी का निरीक्षण किया। वहां मौजूद 10 किसानों को उन्होंने अरहर, बाजरा, ज्वार और तिल के निःशुल्क बीज मिनीकिट प्रदान किए। इसके बाद उन्होंने साधन सहकारी समिति लोहदा का जायजा लिया। वहां सचिव को निर्देश दिए कि किसानों को निर्धारित दर पर पूरी पारदर्शिता के साथ उर्वरक का वितरण किया जाए। किसी भी स्तर पर कालाबाजारी या घटतौली बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उप कृषि निदेशक लोहदा गांव में आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर में भी पहुंचे, जहां उनके सामने करीब आधा दर्जन किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री की गई। उन्होंने किसानों को जागरूक करते हुए कहा कि सरकारी बीज, उर्वरक और कृषि से जुड़ी अन्य योजनाओं का लाभ उठाने के लिए फॉर्मर रजिस्ट्री कराना अनिवार्य कर दिया गया है। अपील की कि किसान जल्द से जल्द अपनी फॉर्मर रजिस्ट्री करा लें, ताकि समय पर खाद और बीज प्राप्त कर वे अपनी फसलों की बुवाई कर सकें। इस अवसर पर राजकीय बीज भंडार प्रभारी कालीदीन, सहायक विकास अधिकारी (कृषि) शारदा प्रसाद, जिला सलाहकार अजय पाल सहित कई किसान मौजूद रहे।

# वनांचल में आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवा यात्रा शुरू, चार दिन तक लगेंगे चिकित्सा शिविर

## मानिकपुर से शुभारंभ, प्रदेश भर से पहुंचे चिकित्सक और आयुर्वेद छात्र




**चित्रकूटः** वनांचल क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कामदगिरि महर्षि वाल्मीकि वनांचल स्वास्थ्य सेवा यात्रा-2026 का गुरुवार को शुभारंभ हो गया। विश्व आयुर्वेद परिषद और अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह यात्रा 9 से 12 जुलाई तक चलेगी। इसका संयोजन कल्याण केंद्र मानिकपुर द्वारा किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन आरोग्य भारती के डॉ. पंकज भाटिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी मो. जसीम, बनारस के डॉ. कमलेश द्विवेदी और यात्रा प्रमुख डॉ. मनीष मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान छात्रावास की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों का चंदन-अक्षत से स्वागत किया गया। वनवासी कल्याण आश्रम के अध्यक्ष राजनारायण तिवारी ने कहा कि संस्था वनवासी और अनुसूचित जाति समाज को स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि यह स्वास्थ्य सेवा यात्रा का दूसरा वर्ष है और इसका उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों तक चिकित्सा सुविधा पहुंचाना है।

आयोजकों के अनुसार, शिविर में प्रदेश के करीब 20 आयुर्वेद महाविद्यालयों से शिक्षक, चिकित्सक, रेजिडेंट डॉक्टर, इंटर्न और छात्र-छात्राएं शामिल हुए हैं। गठित टीमें क्षेत्र में पहुंचकर त्वचा, अस्थि, स्त्री, बाल, नेत्र, हृदय व शल्य रोगों के साथ आयुर्वेद की विभिन्न पद्धतियों से उपचार व परामर्श देंगी। कार्यक्रम का संचालन अजय तिवारी ने किया।


# किसान पंचायत में भाकियू ने उठाया जलभराव व पेयजल का मुद्दा

**चित्रकूटः** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की मासिक किसान पंचायत मऊ और सदर ब्लॉक कर्वी में संपन्न हुई। किसानों ने अन्ना मवेशियों, बिजली कटौती और खाद की किल्लत को लेकर भारी आक्रोश जताते हुए खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) महिमा विद्यार्थी को ज्ञापन सौंपा।

पंचायत में ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह और चंद्रभान सिंह ने कहा कि गौशालाओं की बदहाली के कारण अन्ना मवेशी फसलें बर्बाद कर रहे हैं। वहीं, अघोषित बिजली कटौती से ट्यूबवेल ठप हैं, जिससे धान की बेड़ (नर्सरी) सूख रही है। पीसीएफ केंद्रों पर डीएपी खाद न मिलने से किसान परेशान हैं। इसके अलावा बनकट में झूलते बिजली के तार और कंडीखेरा व संग्रामपुर में खराब हैंडपंपों के कारण गहराए पेयजल संकट का मुद्दा भी जोर-शोर से उठाया गया। तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने सख्त लहजे में कहा कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए। यदि जल्द ही अन्ना मवेशियों का संरक्षण, खाद की उपलब्धता और बिजली-पानी की समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो भारतीय किसान यूनियन सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष छेदीलाल सिंह, जिला कोषाध्यक्ष नरेश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष नीलकंठ द्विवेदी, तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, तहसील महामंत्री शत्रुघ्न सिंह, ब्लाक महामंत्री रामशरण राजपूत, रामबरन यादव, विजय बहादुर सिंह, शिवभवन वर्मा, श्रीकेशन राजपूत, राममिलन सिंह, शिव सिंह, रामेश्वर सिंह, अवधबिहारी सिंह, प्रमोद कुमार, कमलेश सिंह और भाकियू मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# चित्रकूट में देखा गया मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का लाइव प्रसारण

## मंदाकिनी अतिथि गृह में जुटे शिक्षक, बीएसए ने जल्द कार्ड बनवाने को कहा



**चित्रकूटः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना और डीबीटी वितरण कार्यक्रम के शुभारंभ का सीधा प्रसारण चित्रकूट के मंदाकिनी अतिथि गृह कालूपुर में देखा गया।

कार्यक्रम में जिल बेसिक शिक्षाधिकारी रंजना शुक्ला ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक, शिक्षामित्र, विशेष शिक्षक, अनुदेशक, सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षक, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कार्यरत वार्डेन, पूर्णकालिक एवं अंशकालिक शिक्षक-शिक्षिकाएं, साथ ही प्रधानमंत्री पोषण योजना में कार्यरत रसोइयों और उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने पात्र शिक्षकों से शीघ्र अपना कार्ड बनवाने को कहा। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र ने शिक्षकों से योजना का लाभ लेने की अपील की। इस मौके पर शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, पहाड़ी ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर सहित सम्बन्धित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व शिक्षक मौजूद रहे।

# हर शिक्षक लगाए एक पौधा : अतुल दत्त तिवारी

## शिक्षक के जन्मदिन पर हुआ पौधरोपण



**चित्रकूटः** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कछार पुरवा में सहायक अध्यापक विद्यासागर सिंह के जन्मदिन के अवसर पर ह्यएक पेड़ अपने नामह्न पहल के तहत पौधरोपण किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अतुल दत्त तिवारी तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मिलकर परिसर में पौधे लगाए और पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया।

इस दौरान विद्यालय के हर्बल गार्डन, किचन गार्डन और फूलों के बगीचे में नए पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में बीईओ अतुल दत्त तिवारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी पूरी तरह से देखभाल करनी चाहिए। पौधे ही हमें प्राणदायिनी ऑक्सीजन और जल प्रदान करते हैं, जिससे हमारा जीवन सरल और सुखमय बनता है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रचना यादव ने कहा कि विद्यालय में ह्यइको क्लब फॉर लाइफ मिशनह्न के तहत बच्चों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के कार्य लगातार कराए जा रहे हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि भविष्य में विद्यालय के प्रत्येक बच्चे और शिक्षक के जन्मदिन पर एक-एक पौधा अवश्य लगवाया जाएगा। इस मौके पर सुशील पांडेय, सरला देवी, विद्यासागर सिंह, ममता देवी, गीतांजलि देवी, रंजना चंदेल, प्रियंका द्विवेदी, सोनू गौतम, सियाराम सिंह, नीलम देवी, मुन्नी बाई, रुकमणी देवी, उषा देवी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की भव्य प्रतिमा का किया अनावरण

अखंड भारत संदेश

**बांदा।** वीरांगना रानी अवंती बाई ने भारत की आन-बान-शान की रक्षा और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनका बलिदान और त्याग आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद के कालू कुआं चौराहे पर वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की भव्य प्रतिमा का अनावरण करते हुए अपने संबोधन में यह कहा।

### गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ी

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग तीन वर्ष पहले भी उन्हें बांदा में दो महत्वपूर्ण प्रतिमाओं के अनावरण का अवसर मिला था। आज वीरांगना अवंती बाई की प्रतिमा के अनावरण से यह गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ी है। उन्होंने कहा कि बांदा का सिटी डेवलपमेंट प्लान, विकसित होती सड़कें और अन्य विकास कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि योजनाबद्ध विकास किस प्रकार किसी शहर की पहचान बदल सकता है।

### मातृभूमि की रक्षा के लिए दिया बलिदान

मुख्यमंत्री ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय पूरे देश में आजादी की प्रबल इच्छा थी। बैरकपुर में मंगल पांडे ने क्रांति की चिंगारी जलाई, मेरठ में धन सिंह गुर्जर ने उसका नेतृत्व किया, कानपुर के बिठूर में तात्या टोपे ने उसे आगे बढ़ाया और झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई ने वीरता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। इसी महान परंपरा में वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने भी राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानते हुए मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भले ही वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका साहस, संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। मुख्यमंत्री ने प्रतिमा स्थापना से जुड़े सभी लोगों का अभिनंदन करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में राष्ट्रनायकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को मजबूत करते हैं।

### वीरांगना अवंती बाई को किया नमन

सीएम योगी ने कहा कि कि जब अच्छे नेता चुने जाते हैं, तो महापुरुषों को ऐसे ही सम्मान मिलता है। यह सम्मान उन नायकों-नायिकाओं और वीरों-वीरांगनाओं के प्रति कृतज्ञता है, जिनके लिए राष्ट्रधर्म ही सर्वोपरि था और उसके लिए बलिदान दिया। इसी परम्परा में वीरांगना अवंती बाई लोधी का नाम भी आता है। सीएम ने उनकी स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन करते हुए विनम्र सम्मान अर्पित किया।

# मुख्यमंत्री द्वारा बांदा व बबेरू विधानसभा क्षेत्र के लिए 710 करोड़ से अधिक की 229 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

## मुख्यमंत्री जी की जनता से अपील- नकारात्मक व विकास विरोधी सोच वालों को खारिज कीजिए

अखंड भारत संदेश





**बांदा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बांदा व बबेरू विधानसभा क्षेत्र के लिए 710 करोड़ से अधिक की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने लोकार्पण व शिलान्यास की गईं कई योजनाओं को गिनाकर इसका श्रेय जनता व जनप्रतिनिधियों को दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखंड की दुर्दशा के दौर को भी बयां किया। उन्होंने बताया कि सीएम बनने के बाद प्रधानमंत्री जी ने मुझसे कहा था कि पहला दौरा बुंदेलखंड का हो और वहां के लिए कुछ किया जाए। उन्होंने कहा कि 9 पहले जब आया तो देखा कि पिछड़ापन यहां का पर्याय था। पलायन और प्यास बुंदेलखंड की पहचान बन गई थी। खनन, लैंड, सैंड, वन, भूमाफिया व डकैतों का ऐसा आतंक था, जिससे किसान भी खेत में जाने से डरता था। पाठा का यह क्षेत्र डकैतों के लिए फिरौती व वसूली का माध्यम बन गया था। कनेक्टिविटी, सिंचाई, पेयजल, सुरक्षा, रोजगार नहीं था। थाने में एफआईआर तक नहीं होती थी। बुंदेलखंड अस्तित्व के लिए जूझ रहा था परंतु अब बुंदेलखंड की प्रगति को देखकर अंतःकरण से प्रसन्नता होती है। हर किसी को 9 वर्ष पहले और आज के बांदा में परिवर्तन दिखेगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि विकास व विरासत के संरक्षण के लिए शासन के संज्ञान में जो भी प्रोजेक्ट आएगा, उसे लागू कर बुंदेलखंड को धरती का स्वर्ग बनाएंगे।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पीएम मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली तो आशा की किरण जगी। 2017 में यूपी में डबल इंजन सरकार बनने के बाद यहां भी कनेक्टिविटी, पेयजल, हर खेत को पानी और बांदा के युवाओं को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र मिल रहा है। डबल इंजन की भाजपा सरकार ने सभी के सपनों को साकार किया है।

उन्होंने कहा कि जनता ने प्रकाश द्विवेदी, रामकेश निषाद व ओममणि वर्मा जैसे अच्छे जनप्रतिनिधियों को जिताया है तो यहां विकास की परियोजनाएं आ रही हैं। बुंदेलखंड भी डकैत, माफिया, कर्फ्यू, उपद्रव व दंगामुक्त हो गया। अब यहां महारानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज, कृषि विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक कॉलेज के साथ कनेक्टिविटी की बेहतरीन सुविधा मिल रही है। उन्होंने सचेत किया कि यदि भूमाफिया व डकैत चुनाव जीतेगा तो व्यापारी का अपहरण करेगा, गरीबों को उजाड़ेगा और नौजवानों-गरीबों की योजनाओं पर डकैती डालेगा। 2017 के पहले उ0प्र0 में यही होता था। जिसे प्रदेश की रखवाली की जिम्मेदारी सौंपी, वही प्रदेश को लूटते थे। गरीबों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिलती थीं। परंतु अब ह्यसबका साथ-सबका विकासह्न की भावना के साथ हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने ने कहा कि डबल इंजन सरकार तुष्टिकरण की नीति पर नहीं चलती। सरकार को उपद्रव, कर्फ्यू, गुंडागर्दी पसंद नहीं है। सरकार बेटी-व्यापारी की सुरक्षा पर सेंध लगाने वालों को चेतावनी देती है और न मानने वालों के लिए यमराज के घर जाने का रास्ता भी खोल देती है। सीएम ने कहा कि पिछली बार आने पर भी यहां कुछ प्रतिमाओं का अनावरण किया था। आज उन्होंने अवंती बाई लोधी की दिव्य-भव्य प्रतिमा का अनावरण किया है।

मुख्यमंत्री जी ने बांदा की सड़कों व चौराहों में आए बदलाव का भी जिक्र किया, कहा कि शहर के लोग जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर व्यवस्थित सिटी का मॉडल बना सकते हैं। बांदा वीरों-वीरांगनाओं को सम्मान दे रहा है। यहां महापुरुषों के नाम पर पार्क बन रहे हैं। कालिंजर का अजेय दुर्ग विजय पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है। वहां विराजमान नीलकंठ महादेव का आशीर्वाद हर किसी को मिलता है। सीएम ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार है तो भारत की विरासत को संरक्षित किया जा रहा है। सीएम ने आज सुबह चित्रकूट में कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम चित्रकूट व बुंदेलखंड की स्मृतियों में हैं।

उन्होंने ने कहा कि हमारी सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे दिया और डिफेंस मैन्युफेक्चरिंग कॉरिडोर का हब बनाया। यूपी में बनी ब्रह्मोस मिसाइल को जब भारत दागता है तो पाकिस्तान भी बाप-बाप करते हुए चिल्लाता है। भारत के जवानों के इस शौर्य, पराक्रम का केंद्र बिंदु बुंदेलखंड बन रहा है।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि समर्पित और जनता-जनार्दन को योजनाओं से जोड़ने वाला होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि 2017 में सीएम बनने के बाद मैंने दो बातें कही थीं कि अवैध स्लाटर हाउस बंद होंगे और गरीबों-व्यापारियों की जमीन पर कब्जा करने वाले माफिया 24 घंटे में खाली कर दें अन्यथा हमें खाली कराना आता है। उन्होंने कहा कि माफियाओ से 64 हजार एकड़ लैंड जमीन खाली कराई गई, जिसमें अब निवेश हो रहा है और इससे नौजवानों को नौकरी मिल रही है। बुंदेलखंड के नौजवान को अब घर में ही कार्य मिलता है। सीएम ने सरकारी नौकरी व रोजगार से जुड़े युवाओं की संख्या का भी जिक्र किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हर जनपद के यूनिक प्रोडक्ट को बढ़ाया गया। उन्होंने बांदा के शजर पत्थर के सजावट की भी तारीफ की, कहा कि यहां के ह्यशजरह्न की गिनती कीमती पत्थरों में हो रही है। अब बड़ी-बड़ी कंपनियां भी नग की जगह शजर पत्थर को मंगा रही हैं। यह पीएम मोदी के विजन-ओडीओपी के कारण हो पाया है। एमएसएमई को सम्मान, सुरक्षा का वातावरण बना तो प्रदेश में निवेश भी आया। सीएम ने कहा कि हर जनपद में एक्सप्रेस वे पर इंडस्ट्रियल कलस्टर के निर्माण को बढ़ा रहे हैं। बीडा के रूप में बुंदेलखंड को यूपी का सबसे बड़ा औद्योगिक शहर देने जा रहे हैं। पहले शासकीय उपेक्षा के कारण बुंदेलखंड के लोग पलायन करते थे, लेकिन हमारा संकल्प है कि अब देश-दुनिया के नौजवान यहां नौकरी मांगने आएंगे।

मुख्यमंत्री ने जनसभा स्थल पर दो आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी, प्रमाण पत्र आदि भी सौंपा। इस दौरान बांदा की विकास यात्रा पर आधारित लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। मुख्यमंत्री ने यहां बच्चों का अन्नप्राशन कराया, महिलाओं को पोषण से भरी पोटली दी। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन कर युवाओं से बातचीत भी की। बेसिक शिक्षा परिषद के स्टॉल पर स्कूल चलो अभियान व बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल की जानकारी ली और उन्हें चॉकलेट दी। जिला प्रशासन की तरफ जिलाधिकारी अमित आसेरी द्वारा मा0 मुख्यमंत्री जी को को शजर पत्थर से निर्मित शिवालय भेंट किया गया।

इस अवसर पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मा0जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, लोकनिर्माण विभाग के राज्यमंत्री कुंवर ब्रजेश सिंह, विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी, विधायक नरैनी श्रीमती ओममणि वर्मा, विधान परिषद सदस्य डॉ. बाबूलाल तिवारी, जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती मालती गुप्ता ह्यबासूह्न, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, समस्त अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला अधिकारी गण समस्त खंड विकास अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# उधर पाकिस्तान पर बड़ा हमला, इधर भारत पहुंच गए तालिबानी मंत्री

**पाकिस्तान**

**एक** तरफ पाकिस्तान है जहां पुलिस चौकियों पर गोलियां बरसाई जा रही है। जहां वर्दी वालों को अगवा किया जा रहा है और जहां की सरकार अपने ही पाले हुए आतंकियों से फंसी हुई है और ठीक उसी वक्त दूसरी तरफ भारत जहां तालिबान का सबसे ताकतवर मंत्री दिल्ली के रेड कारपेट पर कदम रख चुका है। एक तरफ बारूद की बदबू है तो दूसरी तरफ दोस्ती की महक। बलूचिस्तान की जियारत में आतंकियों ने पुलिस पोस्ट को कब्रिस्तान बना दिया है। नौ पुलिस वालों को उड़ा दिया है। अफरातफरी का माहौल है और पाकिस्तान के हुक्मरान डर के साए में जी रहे हैं। लेकिन इसी वक्त दिल्ली से एक ऐसी तस्वीर आती है जो पाकिस्तान के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम करती है। जिस तालिबान को पाकिस्तान अपना प्रॉक्सी समझता था उसी तालिबान का सबसे ताकतवर मंत्री आज हिंदुस्तान की जमीन पर



उतर चुका है।

पाकिस्तान में मातम है तो भारत में कूटनीति का उत्सव है। बलूचिस्तान रात के सन्नाटे में दर्जनों भारी हथियारों से लैस हमलावरों ने एक पुलिस पोस्ट को घेर लिया। यह कोई आम हमला नहीं था। यह एक सीधा युद्ध था। घंटों तक गोलियां चलती है। नतीजा नौ पुलिस अधिकारी मारे जाते हैं पाकिस्तान के। हमलावर इतने बेखौफ थे कि उन्होंने आठ जवानों को अगवा तक कर लिया। गौर करने वाली बात यह है कि यह हमला उस इलाके में हुआ जिसे पाकिस्तान सुरक्षित मानता था।

बलूच लिबरेशन आर्मी यानी बीएले और अन्य उग्रवादी गुटों ने अब सीधे राज्य की सत्ता को चुनौती देना शुरू कर दिया है। पाकिस्तान की और पाकिस्तान की सेना जो खुद को दुनिया की बेहतरीन सेनाओं में से एक बताती है वो अपने ही पुलिस वालों को सुरक्षा देने में नाकाम रही। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसीन नकवी कैमरे पर आए लेकिन उनके चेहरे पर हार साफ दिख रही थी। मोहसीन नकवी ने तो बिना सबूत के भारत का नाम ले लिया। लेकिन दुनिया जानती है कि जब आप घर में सांप पालते हैं, आतंकी पालते हैं तो वो एक दिन आपको ही डसता है। पाकिस्तान ने दशकों तक आतंकी खेती की आज फसल काटने का वक्त आ गया है और वो घट भी रही है।

अफगानिस्तान के कृषि, सिंचाई और पशुपालन मंत्री मौलवी अताउल्लाह उमारी अपने पूरे काफिले के साथ भारत की सरजमी पर पहुंचे।

## तुर्की पहुंचकर एदोर्गान को ऐसा क्या तोहफा देने जा रहे ट्रंप, नेतन्याहू बेचैन!

**तुर्की**

**कल** तक जिसके एक इशारे पर अमेरिका हर सही गलत कर्म करने को तैयार रहता था। वो इसराइली वजीर-ए-आजम बेंजामिन नेतन्याहू इन दिनों बुरी तरीके से फंसते जा रहे हैं। मामला अब तुर्की के उस महासंकट तक जा पहुंचा है जहां इसराइल को अपनी हवाई बादशाहत खत्म होने का खौफ सता रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वाशिंगटन से तुर्की के अंकारा दौरे के लिए उड़ान भर रहे हैं। 7 जुलाई को वहां लैंड होते ही नेतन्याहू को जिस बात का सबसे गहरा डर था अगर ट्रंप वही करते हैं तो इससे कहीं ना कहीं इसराइल को बहुत बड़ा झटका लगेगा। यानी एदोर्गान से मिलते ही अगर ट्रंप ने वही कर दिया तो मिडिल ईस्ट में इसराइल की सल्तनत ताश के पत्तों की तरह बिखर जाएगा। दरअसल वाशिंगटन के गलियारों से तुर्की को ऋ35 स्टेल्थ फाइटर जेट दिए जाने



के साफ संकेत आने लगे हैं। इसके साथ ही ट्रंप प्रशासन पहले ही अमेरिकी कांग्रेस को नोटिफाई कर चुका है कि तुर्की को 700 मिलियन डॉलर यानी 70 करोड़ डॉलर के अत्याधुनिक जनरल इलेक्ट्रिक इंजन सौंपे जा रहे हैं।

तुर्की इन इंजनों का इस्तेमाल अपनी स्वदेशी पांचवी पीढ़ी के लड़ाकु विमान कान के लिए करने जा रहा है। इतना ही नहीं ट्रंप ने रवाना होने से पहले साफ तौर पर कहा कि वह एदोर्गान के लिए ऐसा कुछ करने जा रहे हैं जिससे तुर्की बेहद खुश होगा।

कूटनीतिक जानकारों का मानना है कि अगर तुर्की को ऋ35 प्रोग्राम में दोबारा एंट्री मिली तो आसमान में इसराइल की एयर सुपीरियरिटी यानी हवाई शिष्टता हमेशा हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। इसराइल को इस बात का खौफ है कि तुर्की के पास यह आधुनिक तकनीक आने के बाद पूरे क्षेत्र में रक्षा संतुलन बदल जाएगा। इसराइल के लिए झटका सिर्फ ट्रंप की तरफ से नहीं लगा है बल्कि वाशिंगटन की नई लीडरशिप के तेवर पूरी तरीके से बदल चुके हैं।

# इजराइल संग 'मजबूरी वाले समझौते' पर लगेगी मुहर?

**इजराइल**

**लेबनान** के राष्ट्रपति जोसेफ आउन जुलाई के आखिर में व्हाइट हाउस जाकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने की तैयारी कर रहे हैं। इस दौरे का मकसद 26 जून को इजराइल के साथ हुए फ्रेमवर्क समझौते को आगे बढ़ाना है। यह दौरा 5 जुलाई को दोनों नेताओं के बीच हुई 17 मिनट की फोन पर बातचीत के बाद हो रहा है, जिसे आउन ने अच्छा बताया था। अल जजीरा के मुताबिक, लेबनान के अखबार 'एन-नहार' को दिए एक इंटरव्यू में आउन ने माना कि फ्रेमवर्क समझौता आदर्श नहीं है, लेकिन लेबनान सरकार का इसे स्वीकार करना जमीनी हकीकत और दक्षिण में ताकत के मौजूदा संतुलन को दिखाता है, जो इजराइल के पक्ष में है। आउन ने कहा यह एक फ्रेमवर्क है, इजराइल के साथ कोई समझौता नहीं... किसी को भी लेबनानी सेना के बंटवारे पर दांव नहीं लगाना चाहिए, और मैं अपने लोगों को मरने नहीं दूंगा।" उन्होंने यह भी कहा कि इस समझौते से लेबनान को अपने अधिकारों के लिए लड़ने और कब्जे वाली जमीन वापस पाने से नहीं रोका जा सकेगा। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने यह भी कहा कि सुरक्षा व्यवस्था को धीरे-धीरे बदलने की प्रक्रिया नबातीह ज़िले के जवतार में एक पायलट तैनाती के साथ शुरू होगी। इसमें एक ऐसे मॉडल को आजमाया जाएगा जिसमें लेबनानी सेना कुछ खास कस्बों का पूरा कंट्रोल अपने हाथ में लेगी, ताकि इजराइली सेना को धीरे-धीरे पीछे हटाने में आसानी हो। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इस बात की चिंता है कि इजराइल पास की अली अल-ताहेर



पहाड़ी पर हमला कर सकता है। आउन ने कहा कि लेबनान के अधिकारियों ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से यह पक्का करने को कहा था कि पहाड़ी लेबनानी सेना के कंट्रोल में रहे, और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस प्रस्ताव पर सहमत हो गए थे। उन्होंने ईरान के दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में एक मंत्री को भेजने के लेबनान के फैसले का भी बचाव किया और कहा कि "ईरान के साथ हमारे राजनयिक संबंध जारी हैं और टूटे नहीं हैं।" इससे पहले 4 जुलाई को, लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने अमेरिका से लेबनान के "न्यायसंगत और जायज मुद्दों" के साथ "मजबूती से खड़े रहने" का आग्रह किया था और क्षेत्र में जारी तनाव के बीच पश्चिम एशिया में स्थिरता और सुरक्षा की उम्मीद जताई थी। लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय ने पर एक पोस्ट में बताया कि आउन ने अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप को बधाई संदेश भेजा और सफलता, समृद्धि और तरक्की की शुभकामनाएं दीं।

## नाटो में तनाव के बीच ट्रंप की अंकारा में एंट्री





**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार (स्थानीय समय) को NATO समिट से पहले अंकारा पहुँचे। एटीम्सगुट एयर बेस पर तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने उनका औपचारिक स्वागत किया। व्हाइट हाउस ने ट्रंप के आगमन की तस्वीरें और वीडियो शेयर करते हुए लिखा, राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप तुर्की पहुँचे और ठअळड समिट से पहले राष्ट्रपति @फ्ळए१ड्विंल्ल ने उनका स्वागत किया। 7-8 जुलाई को होने वाला हाई-प्रोफाइल ठअळड समिट ऐसे समय में हो रहा है जब गठबंधन के भीतर रक्षा खर्च, बोझ साझा करने और यूरोपीय सुरक्षा में अमेरिका की भूमिका को लेकर तनाव बना हुआ है।

व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने बताया कि ट्रंप समिट के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शारा के साथ भी बातचीत करेंगे। बयान में कहा गया है, "राष्ट्रपति ठअळड नेताओं के सोशल डिनर में शामिल होंगे। बुधवार को, राष्ट्रपति ट्रंप आधिकारिक स्वागत समारोह और ग्रुप फोटो में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद ठअळड नेताओं का वर्किंग सेशन होगा। उसी दोपहर, राष्ट्रपति ट्रंप यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और सीरियाई अरब गणराज्य के राष्ट्रपति अल-शारा के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। आखिर में, अंकारा से रवाना होने से पहले राष्ट्रपति एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। वह बुधवार शाम को व्हाइट हाउस लौट आएंगे।

वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, कई सालों से ठअळड के दूसरे सहयोगी देश तुर्की को शक की नजर से देखते रहे हैं।

# होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ गया ; ईरान ने कमर्शियल जहाजों पर मिसाइलें दागी



**ईरान**

**ईरान** के सरकारी ब्रॉडकास्टर IRIB ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से बताया कि कतरी ऑयल टैंकर "अल-रकायत" को तब निशाना बनाया गया, जब उसने ईरान की बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए अमेरिकी नौसेना की मदद से होर्मुज जलडमरूमध्य में ओमान वाले रास्ते से गुजरने की कोशिश की। IRIB ने ईरान के इस पुराने रुख को भी दोहराया कि "होर्मुज जलडमरूमध्य में हालात वैसे नहीं रहेंगे जैसे ईरान पर अमेरिकी हमले से पहले थे"। साथ ही यह भी कहा कि इस जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी जहाजों को ईरान द्वारा बताए गए रास्तों का पालन करना होगा, वरना जहाजों की सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती।

यह रिपोर्ट तब आई जब यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स ने बताया कि उसे होर्मुज जलडमरूमध्य के तट के पास ओमान के दक्षिण में जा रहे एक टैंकर के बारे में सूचना मिली है, जिस पर किसी अज्ञात चीज (प्रोजेक्टाइल) से हमला हुआ और उसमें आग लग गई। दो अमेरिकी अधिकारियों का हवाला देते हुए, Axios ने रिपोर्ट दी कि ईरान की सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे कमर्शियल जहाजों पर कम से कम दो मिसाइलें दागीं। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि एक जहाज ओमान के तट के पास मिसाइल की चपेट में आया।

# ताइवान पर शी जिनपिंग का नया दांव? जातीय एकता कानून चीन में कैसे चल रहा है वैश्विक मुद्रा

**चीन**

**चीन** के नए लागू हुए 'एथनिक यूनिटी एंड प्रोग्रेस प्रमोशन लॉ' (जातीय एकता और प्रगति को बढ़ावा देने वाला कानून) ने ताइवान में नई चिंताएं पैदा कर दी हैं। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि इस कानून के व्यापक और अस्पष्ट प्रावधानों के कारण ताइवान से आने वाले लोगों को कड़ी निगरानी और कानूनी जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। 'द ताइपे टाइम्स' के मुताबिक, ताइवान के नेशनल



सिक्योरिटी ब्यूरो के डायरेक्टर-जनरल त्साई मिंग-येन ने संसद की विदेश मामलों और राष्ट्रीय रक्षा समिति को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले हफ्ते लागू हुआ यह कानून चीनी अधिकारियों को बहुत ज्यादा अधिकार देता है, क्योंकि इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि किन कामों को "जातीय एकता को कमजोर करने वाला" माना जाएगा।

उन्होंने चेतावनी दी कि कानून की अस्पष्ट भाषा बीजिंग को इसके अर्थ समझने और इसे लागू करने में काफी छूट देती है। त्साई ने कहा कि यह कदम चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रवादी एजेंडे को मजबूत करता है और इसका मकसद चीन के भीतर राजनीतिक नियंत्रण को मजबूत करने के साथ-साथ अपनी सीमाओं के बाहर भी दबाव बढ़ाना है।

# ड्रग्स के खिलाफ ब्रिक्स देशों का बड़ा ऐलान, अंतरराष्ट्रीय सिंडिकेट पर कसेगा शिकंजा

**रूस**

**अवैध** ड्रग तस्करी और उससे जुड़े अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराधों को रोकने और उनसे निपटने के लिए सहयोग को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, ब्रिक्स देशों ने गुवाहाटी घोषणा को अपनाया है। मंगलवार को असम के गुवाहाटी में ब्रिक्स देशों की ड्रग-रोधी एजेंसियों के प्रमुखों की दो दिवसीय बैठक के समापन पर, इन देशों ने एक संयुक्त घोषणा को अपनाया। इसमें राष्ट्रीय कानूनों और अंतरराष्ट्रीय दायित्वों के अनुरूप जानकारी, खुफिया जानकारी और बेहतरीन तौर-तरीकों के समय पर आदान-प्रदान को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया गया।

इस घोषणा में अवैध ड्रग तस्करी के खिलाफ कानून लागू करने और रेगुलेटरी प्रयासों को मजबूत करने के लिए नई तकनीकों, डिजिटल टूल्स और डेटा-आधारित तरीकों को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। ब्रिक्स देशों ने अवैध ड्रग तस्करी के बदलते स्वरूप, सिंथेटिक ड्रग्स और नए साइकोएक्टिव पदार्थों के प्रसार, प्रीकर्सर रसायनों के गलत इस्तेमाल, उभरती तकनीकों और वर्चुअल एसेट्स के दुरुपयोग, और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क द्वारा समुद्री मार्गों और डिजिटल प्लेटफॉर्म के इस्तेमाल पर भी चिंता जताई।

सदस्य देशों ने ड्रग की मांग को कम करने के लिए खास पहलों को मजबूत करने, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और सबूत-आधारित, व्यापक और लोगों पर केंद्रित तरीकों के जरिए कमजोर स्थिति वाले लोगों, खासकर बच्चों और युवाओं




की सुरक्षा करने की जरूरत पर जोर दिया। इस उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान, भारत ने ब्रिक्स ड्रग कानून प्रवर्तन एजेंसियों से तेजी, आपसी भरोसे और बिना किसी रुकावट के रियल-टाइम खुफिया जानकारी साझा करने पर आधारित साझेदारी बनाने का आह्वान किया।

यह साझेदारी सीमाओं से परे हो और अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम हो। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के महानिदेशक अनुराग गर्ग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत ने ड्रग्स के खिलाफ 'जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी' और नेटवर्क-केंद्रित दृष्टिकोण पर आधारित तीन साल का रोडमैप (2026-2029) अपनाया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# चाबहार में पटरी बिछाकर भारत रचेगा इतिहास! अमेरिका-चीन-पाकिस्तान को झटका

**इस्लामाबाद**

**चाणक्य** नीति में कहा गया है कि शत्रु का शत्रु मित्र होता है और राष्ट्रहित के लिए बनाया गया मार्ग ही विजय का मार्ग होता है। भारत ने इसी नीति पर चलते हुए दुनिया के दो महाशक्तियों और एक नापाक मुल्क पाकिस्तान। यानी अमेरिका, चीन और पाकिस्तान को एक साथ चेकमेट कर दिया है। यह खबर सिर्फ एक रेल लाइन बिछाने की नहीं है बल्कि यह खबर है भारत द्वारा अपनी सीमाओं के बाहर एक नया साम्राज्य खड़ा करने की। दशकों तक जिस पाकिस्तान ने हमें लैंड डॉक देश महसूस कराने की कोशिश की थी। आज भारत ने उसी के सामने जाकर एक ऐसा गलियारा तैयार कर लिया है जो इस्लामाबाद की रातों की नींद उड़ाने के लिए काफी है। भारत ने 700 कि.मी. लंबे चाबहार जाहिदान रेलवे लिंक को फास्ट ट्रैक करने का आधिकारिक फैसला ले लिया है। यह प्रोजेक्ट साल 2016 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईरानी यात्रा के दौरान शुरू हुआ था। लेकिन फिर अमेरिका में ट्रंप प्रशासन आया। प्रतिबंधों की झड़ी लगी और भारत को कदम पीछे खींचने पड़े। लेकिन साल 2025-26 में जो कूटनीतिक बदलाव हुए उन्होंने भारत को एक सुनहरा मौका दे दिया।

आज जब ईरान और पश्चिम के बीच तनाव चरम पर है तब भी भारत ने अपनी 10 साल की ऑपरेशनल डील यानी चाबार पोर्ट के लिए साइन जो किया है उसे रेलिंग से जोड़ दिया और यह अब सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर उभरा है।



1500 मिलियन डॉलर का यह प्रोजेक्ट केवल पटरी बिछाना नहीं बल्कि यह भारत की इंजीनियरिंग ताकत का जोरदार प्रदर्शन है। बात करें पाकिस्तान की, तो पाकिस्तान की पूरी विदेश नीति इस बात पर टिकी थी कि भारत को अगर पश्चिम यानी वेस्ट की तरफ जाना है तो हमारे दर से गुजरना होगा।

चाहे वो अफगानिस्तान को मानवीय सहायता भेजना हो या मध्य एशिया से व्यापार करना हो। नापाक देश पाकिस्तान ने हमेशा भारत की गाड़ियों को रोका। टैक्स मांगे और आतंकवाद का सहारा भी लिया। लेकिन अब गेम पूरी तरह से पलट चुका है, बदल चुका है। चाबहार जाहिदान रेलवे लिंक सीधे भारत के मुंद्रा और कांडला पो से कनेक्ट रहेगा। यानी मुंबई से चला जहाज चाबहार उतरेगा और वहां से भारतीय रेल के जरिए सामान सीधा अफगानिस्तान के बॉर्डर जाहिदान तक पहुंचेगा। वहां से भारत जाहिदान जरा लिंग के जरिए अफगानिस्तान के अंदर घुसेगा।

अब पाकिस्तान बस तमाशा देखता रह जाएगा और भारत ने उसकी जियोग्राफिकल लोकेशन की अकड़ को मिट्टी में मिला दिया है और चीन ने पाकिस्तान में जो ग्वादर पोर्ट बनाया है उसका दावा है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा ट्रेड हब बन जाएगा लेकिन ग्वादर की असलियत क्या है वो यह है कि वहां ना तो बिजली है और ना ही पानी है और ना ही स्थानीय लोगों का समर्थन। दूसरी तरफ भारत का चाबहार एक नेचुरल पोर्ट है। चीन का सीपेक यानी कि चाइना पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर अरबों डॉलर के कर्ज में डूबा हुआ है। भारत ने चाबहार रेल लिंक के जरिए एक वैकल्पिक और अधिक सुरक्षित रास्ता दे दिया है।

# मासूम सिद्धार्थ का शव मिलने से मचा हड़कंप, परिवार में कोहराम, गांव में पसरा मातम

**अखंड भारत संदेश**
**गाजीपुर। जनपद** के भांवरकोल थाना क्षेत्र के गोंडी गांव में मंगलवार को उस समय मातम और सनसनी का माहौल बन गया, जब कई दिनों से लापता चल रहे चार वर्षीय मासूम सिद्धार्थ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। इस दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया, वहीं ग्रामीणों की आंखें भी नम हो गईं।



जानकारी के अनुसार, चार वर्षीय सिद्धार्थ कुछ दिनों पहले अचानक लापता हो गया था। परिजन उसे लगातार रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में तलाश रहे थे, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। इसी बीच मंगलवार को गांव में उसका शव मिलने की सूचना मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। माता-पिता बदहवास होकर अपने लाल को देखकर फूट-फूटकर रोने लगे। उनकी करुण पुकार सुनकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं।

घटना की सूचना मिलते ही भांवरकोल थाना प्रभारी रोहित कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया, परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गोंडी गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हर किसी की जुबान पर यही सवाल है कि आखिर मासूम सिद्धार्थ के साथ ऐसा क्या हुआ। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष और शीघ्र जांच कर दोषियों का पता लगाने तथा मामले का जल्द खुलासा करने की मांग की है।

एक मासूम की असमय मौत ने न केवल एक परिवार की खुशियां छीन लीं, बल्कि पूरे गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी हैं, ताकि इस दर्दनाक घटना की सच्चाई सामने आ सके।

# चौकी प्रभारी अविनाश चंद्र की मौजूदगी में ही भाजपा नेत्री पूजा कसौधन,, ने चौकी के अंदर युवक को मारी तमाचा

**सुल्तानपुर नगर** कोतवाली की शाहगंज पुलिस चौकी में भाजपा नेत्री पूजा कसौधन का एक व्यक्ति को पुलिस की मौजूदगी में थप्पड़ मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में चौकी प्रभारी मूकदर्शक बने दिखाई दे रहे हैं। थप्पड़ मारने के बाद कथित तौर पर भाजपा नेत्री यह कहते हुए भी सुनाई दे रही हैं कि अब तुम अपनी औकात भूल जाओगे।

यदि वायरल वीडियो सही है तो सवाल केवल एक थप्पड़ का नहीं बल्कि कानून के सम्मान का है। क्या किसी राजनीतिक पद या प्रभाव के दम पर पुलिस चौकी के भीतर ही किसी के साथ अभद्रता और मारपीट की जा सकती है? और यदि ऐसा हुआ तो पुलिस की भूमिका केवल तमाशबीन बनने की क्यों रही।बताया जाता है कि संबंधित भाजपा नेत्री पहले भी कई विवादों को लेकर चर्चा में रही हैं। ऐसे में यह घटना और भी गंभीर सवाल खड़े करती है। अब निगाहें पुलिस प्रशासन और भाजपा संगठन दोनों पर हैं। क्या कार्रवाई निष्पक्ष होगी या मामला राजनीतिक दबाव में ठंडे बस्ते में चला जाएगा।



# गौशालाओं में बेहतर व्यवस्थाएं प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताः डीएम अनुपम

**अखंड भारत संदेश**
**गाजीपुर। जिलाधिकारी** अनुपम शुक्ला के निदेर्शानुसार जनपद गाजीपुर में संचालित समस्त अस्थायी एवं स्थायी गौशालाओं का व्यापक निरीक्षण आज विभिन्न अधिकारियों द्वारा किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य गौवंशों के संरक्षण, उनके समुचित भरण-पोषण, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं का प्रभावी सत्यापन करना है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निरीक्षण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि प्रत्येक बिंदु का तथ्यात्मक एवं गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन किया जाए। निरीक्षण के दौरान यदि किसी गौशाला में कोई कमी अथवा अनियमितता पाई जाती है तो उसका स्पष्ट उल्लेख निरीक्षण आख्या में करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निरीक्षण पूर्ण होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में विस्तृत निरीक्षण आख्या समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर आवश्यक निर्णय लेते हुए गौशालाओं की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि गौवंशों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक गौशाला में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।



इसी क्रम में आज जनपद में जिला विकास अधिकारी राजन राय द्वारा बिरनो गौ-आश्रय स्थल, परियोजना निदेशक (डीआरडीए), जिला समन्वयक (मनरेगा), जिला पंचायत राज अधिकारी, जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी तथा सभी खंड विकास अधिकारी अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों की गौशालाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से गौशाला परिसर की साफ-सफाई, स्वच्छता तथा कीचड़ की स्थिति का गहन परीक्षण किया गया। अधिकारीयों ने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गौशालाओं में नियमित रूप से सफाई हो तथा परिसर में जलभराव अथवा गंदगी की स्थिति न रहे, जिससे गौवंशों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। इसके अतिरिक्त गौवंशों के लिए हरे चारे की उपलब्धता, उसकी गुणवत्ता तथा पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध रहें। अधिकारियों ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि गौशालाओं में निराश्रित गोवंशों के लिए पौष्टिक एवं पर्याप्त चारे की व्यवस्था निरंतर बनी रहे तथा किसी भी प्रकार की कमी न हो। गौशालाओं में प्रकाश की समुचित व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति तथा रात्रिकालीन सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक सुधारात्मक निर्देश दिए गये। साथ ही गौसेवकों के मानदेय के भुगतान की स्थिति, उनकी उपस्थिति तथा गौशालाओं के संचालन से संबंधित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का भी विस्तृत सत्यापन किया गया।

# कुड़वार के भगवानपुर में किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**सुल्तानपुर कुड़वार** थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव में गुरुवार सुबह एक 18 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है।



जानकारी के अनुसार, भगवानपुर निवासी गोकुल प्रजापति की 18 वर्षीय पुत्री कल्पना ने सुबह करीब नौ बजे घर के भीतर बांस-बल्ली के सहारे दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कल्पना दो बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। घटना के समय उसके पिता काम पर गए थे, जबकि मां फूलमती दूसरों के घर झाड़ू-पोंछा करने गई थीं। घर लौटने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई।

सूचना मिलते ही सीओ सिटी राघवेन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार तथा फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। फोरेंसिक साक्ष्यों और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने चार बड़े विक्रय विलेखों का किया स्थलीय निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**
**भदोही। जिले** में स्टांप शुल्क और संपत्तियों के सही मूल्यांकन की जांच के लिए जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने चार बड़े विक्रय विलेखों का स्थलीय निरीक्षण किया। जांच के दौरान ज्ञानपुर और भदोही तहसील में पंजीकृत सभी चारों बैनामों का मूल्यांकन शासन की निर्धारित दरों के अनुरूप सही पाया गया।



जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व की क्षति रोकने और स्टांप एवं पंजीयन व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए बड़े मूल्य के विक्रय विलेखों का नियमित सत्यापन कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सबसे पहले तहसील ज्ञानपुर के मौजा जौहरपुर स्थित एक विक्रय विलेख का निरीक्षण किया। यह अकृषक भूमि जीटी रोड पर स्थित है, जिसका पंजीयन 17 जून 2026 को कराया गया था। मौके पर भूमि की स्थिति, चारदीवारी और आसपास की व्यावसायिक गतिविधियों का निरीक्षण करने के बाद मूल्यांकन को सही पाया गया। इसके बाद तहसील भदोही के तीन अन्य विक्रय विलेखों का भी स्थलीय सत्यापन किया गया। इनमें मौजा महबूबपुर की अकृषक भूमि, नई बाजार स्थित एक व्यावसायिक भवन तथा कस्बा भदोही की अकृषक भूमि शामिल रही। जांच में इन सभी संपत्तियों का मूल्यांकन और स्टांप शुल्क शासन की निर्धारित दरों के अनुरूप सही पाया गया।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि पंजीयन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना और सरकारी राजस्व की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक विक्रय विलेख का मूल्यांकन शासन के नियमों और प्रचलित बाजार दरों के अनुसार ही सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी मामले में अनियमितता या राजस्व की क्षति सामने आती है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाई पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद



**अखंड भारत संदेश**
**भदोही। औराई** थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के दौरान अपने सगे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू का ब्लेड भी बरामद किया गया है। बरामदगी के बाद पुलिस ने मामले में आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ा दी है।

पुलिस के अनुसार, 6 जुलाई को ग्राम ईटवा उपरवार में मामूली कहासुनी के बाद राजेश कुमार यादव ने अपने भाई आकाश कुमार यादव पर धारदार चाकू से कई वार कर दिए थे। गंभीर रूप से घायल आकाश को परिजनों और ग्रामीणों की मदद से तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर औराई थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में आरोपित की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान 8 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी महाराजगंज चौकी की ओर जाने वाले तिराहे पर कहीं भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर महाराजगंज रेलवे लाइन के किनारे ईंट के नीचे छिपाकर रखा गया चाकू का ब्लेड बरामद किया गया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि इसी हथियार से उसने अपने भाई पर हमला किया था। इसके बाद पुलिस ने मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 भी शामिल कर ली।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान 32 वर्षीय राजेश कुमार यादव निवासी ईटवा उपरवार, थाना औराई के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

# कुत्तों से जान बचाने गांव में घुसा बारहसिंगा, ग्रामीण बने सहारा

**सुल्तानपुर**
**बल्दीराय** क्षेत्र के ऊपरी पारा गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब एक डरा-सहमा बारहसिंगा जान बचाने के लिए गांव में आ घुसा। उसके पीछे कई आवारा कुत्ते पड़े थे, जो लगातार उस पर हमला कर रहे थे। भयभीत बारहसिंगा गलियों में इधर-उधर भागता रहा,जबकि उसकी आंखों में डर साफ दिखाई दे रहा था।शोर सुनकर ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए। पहले तो लोग हैरान रह गए,लेकिन जैसे ही उन्हें समझ आया कि यह घायल वन्यजीव है,सभी उसे बचाने में जुट गए। ग्रामीणों ने कुत्तों को खदेड़ा,लेकिन तब तक बारहसिंगा के पिछले पैर में गहरे घाव हो चुके थे।ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए घायल बारहसिंगा को सुरक्षित पकड़ लिया और तत्काल बल्दीराय पुलिस व वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से उसे उपचार के लिए अयोध्या स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सालय भेज दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उपचार के बाद बारहसिंगा को सुरक्षित वन्यजीव अभयारण्य या चिड़ियाघर में भेजा जाएगा। इस पूरी घटना ने यह संदेश दिया कि इंसान यदि संवेदनशील हो जाए, तो बेजुबान वन्यजीवों की जान भी बचाई जा सकती है।

इस मौके पर समाजसेवी बलवीर यादव,अजय कुमार यादव,हरी लाल यादव सहित कई ग्रामीणों की तत्परता ने एक बेजुबान की जिंदगी बचा ली।



# भदोही पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, औराई चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**अखंड भारत संदेश**
**भदोही। भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के पहली बार भदोही आगमन पर गुरुवार सुबह औराई चौराहे पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।




वाराणसी से मिर्जापुर जाते समय उनका काफिला जैसे ही औराई पहुंचा, पहले से मौजूद कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान औराई चौराहा भाजपा के झंडों और पार्टी के नारों से गूंज उठा। भाजपा नेता डॉ. अजय शुक्ला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और युवा स्वागत के लिए मौजूद रहे। सुबह से ही पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता औराई चौराहे पर एकत्र होने लगे थे। प्रदेश अध्यक्ष के आगमन को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

स्वागत के दौरान डॉ. अजय शुक्ला ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का भदोही आगमन कार्यकताओं के लिए उत्साह और प्रेरणा का अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा कार्यकताओं को नई ऊर्जा के साथ बूथ स्तर तक संगठन विस्तार का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, सांसद डॉ. विनोद बिंद, जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, पूर्व मंत्री रंगनाथ मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष पांडेय, ब्लॉक प्रमुख औराई वृजमोहन मिश्रा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजेंद्र तिवारी को मिली राष्ट्रीय परशुराम सेना महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष की कमान

**मुंबई। राजेंद्र** तिवारी को परशुराम सेना ने महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह जिम्मेदारी परशुराम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक राजेश कृष्णकांत मिश्र ने सौंपी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि
भगवान परशुराम के आदर्शों को समाज में स्थापित करने के उद्देश्य से कार्यरत राष्ट्रीय परशुराम सेना - भगवान परशुराम फाउंडेशन ने संगठन विस्तार के तहत नई नियुक्ति की घोषणा की है।



नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि संगठन समाज में समानता, न्याय और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए काम करता है। तिवारी से अपेक्षा की गई है कि वे अपनी निष्ठा और कार्यशैली से संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और महाराष्ट्र के ब्राह्मण समाज में नई ऊर्जा का संचार करेंगे।